आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.taruncchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, मंगलवार 07 अप्रैल 2026 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष -42 ■ अंक-009 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 8 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# भिलाई स्टील प्लांट में भीषण आग, 8 श्रमिक घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भिलाई, 7 अप्रैल ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एसटीजी-4 टर्बाइन में भीषण आग लगने की खबर है। आज यहाँ दिल दहला देने वाला मंजर देखने को मिला। ब्लास्ट के बाद टर्बाइन हॉल में काले धुएं का गुबार फ़ैल गया और कर्मचारी सकते में आ गए । इस भीषण आग में 2 नियमित कर्मचारी सहित 8 ठेका श्रमिकों के घायल होने की खबर है। जान बचाने के लिए श्रमिकों ने साहसिक कदम उठाते हुए इलेक्ट्रिकल केबल के सहारे करीब 20 फीट नीचे टीन शेड पर छलांग लगाई। इस दौरान कई लोगों के हाथ-पैर में चोटें आईं, वहीं एक कर्मचारी का पैर फ्रैक्चर हो गया। केबल के सहारे उतरते समय हथेलियां छिलने से भी कई श्रमिक घायल हुए। घायलों में कीर्ति कुमार भगत, महेंद्र कुशवाहा, महेंद्र जायसवाल, वैभव, ओमेंद्र कुमार तिस्दा, सुशांत, मनीष, अवधेश और शिव मोहन त्रिपाठी शामिल हैं। सभी घायलों का पहले मेन मेडिकल पोस्ट में प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके बाद उन्हें सेक्टर 9 हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां एक्स-रे और ईसीजी सहित अन्य जांचें की जा रही हैं। घायल श्रमिकों के अनुसार, वे कूलर बदलने के लिए ऊंचाई पर कार्य कर रहे थे, तभी अचानक टर्बाइन ब्लास्ट हुआ और आग फैल गई। धुएं के कारण कुछ दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। अंततः केबल के सहारे नीचे उतरकर किसी तरह सभी ने अपनी जान बचाई। आग इतनी तेजी से फैली कि सभी कार्मिक चारों ओर से घिर गए और बाहर निकलने का



रास्ता नहीं मिल सका।आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। वैसे प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पता चला है कि टर्बाइन में ब्लास्ट के बाद आग फैल गई। घटना के बाद मौके पर आधा दर्जन से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान संयंत्र के उच्च अधिकारी भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ब्लास्ट के बाद हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गए और देखते ही देखते अफरा-तफरी मच गई। कार्मिक जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। पीछे के रास्ते से बाहर निकलने के दौरान कई कर्मचारी गिर पड़े, जिससे कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। इस घटना में दो बीएसपी कर्मचारी और तीन ठेका श्रमिकों के घायल होने की जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि इनमें ठेका श्रमिक उमेंद्र का पैर फ्रैक्चर हो गया है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार मेन मेडिकल पोस्ट में किया जा रहा है।

प्रबंधन से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार ,घटना की सूचना मिलते ही संयंत्र की अग्निशमन सेवा तत्काल सक्रिय हुई और दमकल दल ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर पूर्णतः काबू पा लिया। उस समय मुख्य स्विचगियर कक्ष एवं कंट्रोल रूम में उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। एक संविदा कर्मचारी के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



कई श्रमिकों ने केबल के सहारे कूदकर बचाई जान

आज प्रातः लगभग 10:05 बजे, भिलाई इस्पात संयंत्र के पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन-2 स्थित STG-4 टर्बाइन में आकस्मिक आग लगने की घटना हुई, जिसके कारण टर्बाइन हॉल में धुआं फैल गया।घटना की सूचना मिलते ही संयंत्र की अग्निशमन सेवा तत्काल सक्रिय हुई। बीएसपी अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंचकर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आग पर पूर्णतः काबू पा लिया तथा स्थल को सुरक्षित रूप से कूल किया। आग को लगभग 11:10 बजे तक पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया।घटना के समय मुख्य स्विचगियर कक्ष एवं कंट्रोल रूम में उपस्थित कर्मचारी एवं श्रमिकों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, बाहर निकलते समय अफरा-तफरी के दौरान एक संविदा कर्मचारी के पैर में फ्रैक्चर हो गया।इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। एहतियात के तौर पर दो नियमित कर्मचारियों एवं पांच संविदा श्रमिकों को सेक्टर-9 मुख्य अस्पताल भेजा गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया तथा आवश्यक चिकित्सा जारी है।स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है तथा घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

## रिटायर्ड पुलिस कर्मियों की विभाग में वापसी

**बिलासपुर,7 अप्रैल.** न्यायधानी के एसएसपी रजनेश सिंह ने अहम पहल की है। वक्त के साथ उन्होंने रिटायर्ड पुलिस कर्मियों को फिर से पुलिस के साथ जोड़ने का फैसला किया है। इस पर ज्यादातर रिटायर्ड पुलिस कर्मियों ने अपनी सहमति भी दे दी है। पुलिस में वापसी के बाद यही रिटायर्ड पुलिस कर्मी पुलिस विभाग के साथ आम जनता की सक्रियता के साथ मदद कर पाएंगे। एसएसपी रजनेश सिंह ने बिलासा गुड़ी में बैठक बुलाई थी, जिसमें बड़ी संख्या में रिटायर्ड पुलिस अधिकारी और वर्तमान पुलिस अफसर शामिल थे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मधुलिका सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रश्मित कौर, पुलिस लाइन डीएसपी मंजूलता केरकट्टा, सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह ने रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपीं। इनका मुख्य उद्देश्य कानून-व्यवस्था को मजबूत करना, समाज में जागरूकता बढ़ाना और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा।

## अजय बिसेन छत्तीसगढ़ राज्य सैनिक बोर्ड के डायरेक्टर बने

**रायपुर,7 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र कमोडोर अजय सिंह बिसेन (रिटायर्ड) ने आज 07 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के राज्य सैनिक बोर्ड के डायरेक्टर का पद ग्रहण किया है। राजधानी निवासी GEC और सेंट पॉल के पुराने स्टूडेंट कमोडोर अजय बिसेन ने इंडियन नेवी में विभिन्न पदों पर 35 साल सेवाएं दी है।अजय बिसेन की प्रमुख नियुक्तियों में नेवल डॉकयार्ड, मुंबई में जनरल मैनेजर, नेवल प्रोजेक्ट्स मुंबई में डिप्टी डायरेक्टर जनरल, नेवल क्वालिटी एश्योरेंस, नई दिल्ली में डिप्टी डायरेक्टर जनरल, अंडरवाटर रेंजेस के डायरेक्टर के अलावा कमांड और नेवल हेडक्वार्टर में सीनियर स्टाफ नियुक्तियां शामिल हैं।



## पवन खेड़ा के घर असम पुलिस की रेड

**गुवहाटी,7 अप्रैल।** 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले असम में एक बड़ा सियासी भूचाल आ गया है। मंगलवार, 7 अप्रैल को असम पुलिस की एक टीम ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के दिल्ली स्थित निजामुद्दीन ईस्ट आवास पर छापेमारी की। यह कार्रवाई असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा द्वारा दर्ज कराई गई एक एफआईआर के आधार पर की गई है। खेड़ा ने हाल ही में रिंकी भुइयां पर तीन देशों के पासपोर्ट रखने और विदेशों में बेहिसाब संपत्ति होने के गंभीर आरोप लगाए थे।सूत्रों के मुताबिक, टीम पवन खेड़ा से पूछताछ करने और जरूरी दस्तावेज जब्त करने पहुंची है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि टीम अरेस्ट करने भी आई थी, लेकिन खेड़ा के अनुपस्थित होने के कारण फिलहाल केवल तलाशी ही जारी है। खेड़ा ने आरोप लगाया था कि हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी के पास मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और एंटिगुआ एंड बारबुडा जैसे तीन अलग-अलग देशों के पासपोर्ट हैं।

## बर्ड फ्लू मामले में एम्स की टीम ने किया निरीक्षण

**बिलासपुर,7 अप्रैल** ■ तरुण छत्तीसगढ़

जिले में बर्ड फ्लू के मामले को अब केंद्र सरकार ने गंभीरता से लेते हुए उच्च



स्तरीय जांच शुरू कर दी है. इसी क्रम में एम्स के चार विशेषज्ञ डॉक्टरों की केंद्रीय टीम सोमवार को बिलासपुर पहुंची और प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया. टीम ने सबसे पहले कोनी स्थित कुक्कुट पालन केंद्र का दौरा किया, जहां बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी. इसके साथ ही आसपास बनाए गए कंटेनमेंट जोन का भी बारीकी से निरीक्षण कर जमीनी हालात का आकलन किया.

केंद्रीय टीम ने पोल्ट्री फार्म के कर्मचारियों से विस्तृत पूछताछ की और उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जांच की. बर्ड फ्लू के बाद किसी व्यक्ति में संक्रमण के लक्षण तो नहीं हैं, इस पहलू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार, टीम जरूरत



पड़ने पर संदिग्ध लोगों के सैंपल भी ले सकती है, ताकि किसी भी संभावित मानव संक्रमण को समय रहते रोका जा सके.

### 10 किलोमीटर के दायरे में सर्वे

मंगलवार को टीम प्रभावित पोल्ट्री केंद्र के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों अकलतरी, खैरा, नगोई समेत अन्य क्षेत्रों का दौरा करेगी. यहां ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति का आकलन किया जाएगा. जरूरत पड़ने पर लोगों की मेडिकल जांच और सैंपलिंग भी की जाएगी. इसके साथ ही स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों का भी जायजा लिया जाएगा.

### रोकथाम के उपायों की होगी समीक्षा

केंद्रीय टीम यह भी जांच करेगी कि संक्रमण फैलने के बाद प्रशासन द्वारा उठाए गए कदम कितने प्रभावी रहे. इसमें संक्रमित पक्षियों को नष्ट करने की प्रक्रिया, शवों के सुरक्षित निपटान की व्यवस्था, क्षेत्र में सैनिटाइजेशन और डिसइंफेक्शन, सर्विलांस और मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की जा रही है. विशेषज्ञ यह भी तय करेंगे कि भविष्य में ऐसे संक्रमण को रोकने के लिए किन अतिरिक्त उपायों की जरूरत है. पोल्ट्री फार्मों में बायो-सिक्योरिटी, नियमित स्वास्थ्य जांच और सतत निगरानी को लेकर दिशा-निर्देश दिए जा सकते हैं.



## प्रधानमंत्री को मुख्यमंत्री साय ने सौंपा विकास का ब्लूप्रिंट

**नई दिल्ली,7 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर बस्तर के भविष्य की एक नई तस्वीर पेश की. मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने न केवल नक्सलवाद के अंत के बाद प्रदेश में आई शांति के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया, बल्कि बस्तर के समग्र विकास का एक विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट भी सौंपा. इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को मानसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण दिया, जहां उनकी मौजूदगी में कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है. उन्होंने बताया कि बस्तर समेत पूरे राज्य में नक्सलवाद समाप्त हो चुका है और अब शांति स्थापित है. शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार के तहत नए एजुकेशन सिटी, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं, जबकि इंद्रावती नदी पर बैराज, रेल लाइन और एयरपोर्ट विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ब्लूप्रिंट के जरिए बस्तर में अब विकास, रोजगार और बेहतर सुविधाओं का नया दौर शुरू होगा.नक्सलवाद से मुक्त बस्तर के विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री के सामने जो कार्ययोजना प्रस्तुत की, उसमें 'बस्तर मुन्ने' (अग्रणी बस्तर) कार्यक्रम एक अहम पहल है. इस कार्यक्रम के तहत हर ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जाएंगे, जहाँ अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे दिया जाएगा, जरूरी दस्तावेज वहीं बनाए जाएंगे और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा. इसका उद्देश्य है कि हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाएँ आसानी से पहुँचें और बस्तर तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़े.

मुख्यमंत्री ने अपने विकास दस्तावेज़ में उल्लेख किया कि एक दशक पहले प्रधानमंत्री द्वारा बस्तर के लिए देखा गया शांति और विकास का सपना अब जमीन पर साकार हो रहा है. नक्सलवाद खत्म होने के बाद अब लोगों में डर नहीं, बल्कि उम्मीद और विकास की नई चमक है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से बस्तर को नई दिशा और गति मिलेगी, जिससे क्षेत्र में विश्वास और उत्साह बढ़ेगा.

मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत विकास ब्लूप्रिंट 'सैचुरेशन, कनेक्ट, फैसिलिटेट, एम्पावर और एंगेज' रणनीति पर आधारित है. इसके तहत बस्तर में बुनियादी सुविधाओं को तेजी से विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है. सड़कों के व्यापक जाल के माध्यम से दूर-दराज के गांवों को जोड़ा जाएगा. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधूरे कार्यों को 2027 तक पूरा करने के साथ-साथ नई 228 सड़कों और 267 पुलों का निर्माण प्रस्तावित है. इसके अलावा 61 नई परियोजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग भी की गई है.ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी बड़े बदलाव की योजना है. हर घर तक बिजली पहुंचाने के कार्य तेज होंगे. शिक्षा के क्षेत्र में 45 पोटा केबिन स्कूलों को स्थायी भवनों में बदला जाएगा. युवाओं के लिए 15 स्टेडियम और 2 मल्टीपर्पज हॉल बनाए जाएंगे, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार और डॉक्टरों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल बनाए जा रहे हैं.

## आरएसएस मुख्यालय के पास विस्फोटकों का जखीरा मिला

**नागपुर,7 अप्रैल।** इस वक्त की बड़ी खबर महाराष्ट्र से आई है। नागपुर में आरएसएस मुख्यालय के पास विस्फोटकों का जखीरा बरामद हुआ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पास विस्फोटकों का जखीरा मिलने से नागपुर समेत पूरे महाराष्ट्र में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि इलाके में मौजूद गार्डन में एक बैग रखा था, जिससे 15 जिलेटिन स्टिक, 50 डेटोनेटर और 8 कनेक्टर बरामद किए गए हैं। इसके बाद नागपुर शहर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक नागपुर के सीए रोड स्थित दोसर भवन चौक इलाके में भारी मात्रा में विस्फोटक मिला है। मेट्रो स्टेशन के पास एक घर के छोटे गार्डन में एक बैग रखा था, जिससे 15 जिलेटिन स्टिक, 50 डेटोनेटर और 8 कनेक्टर बरामद किए गए।

जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फॉरेंसिक टीम ने पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर लिया और तलाशी ली और विस्फोटकों को सुरक्षित तरीके से जब्त कर लिया। पुलिस के मुताबिक, यह विस्फोटक पिछले एक से डेढ़ महीने से यहां रखे होने की आशंका है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और लोगों से पूछताछ की जा रही है। नागपुर के सह पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।




## अछूत नहीं हो सकती महिला : सुको

**नई दिल्ली,7 अप्रैल।** सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर रोक के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने मंगलवार को भी सुनवाई की। इस दौरान पितृसत्तात्मक व्यवस्था का भी सवाल उठा तो केंद्र ने इसकी परिभाषा पर ही सवाल उठा दिया। केंद्र सरकार ने कहा कि पितृसत्ता की जो बात भारत में कही जाती है, वह सही नहीं है। सरकार ने कहा कि यह पश्चिमी देशों की अवधारणा है और इसे भारत के संदर्भ में जस का तस लागू नहीं किया जा सकता। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि भारत में तो महिलाओं का दर्जा काफी ऊंचा और अलग है। जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा, 'मैं एक महिला के तौर पर कहूं तो माहवारी के तीन दिनों के दौरान हर महीने महिला को अछूट नहीं बनाया जा सकता। फिर चौथे दिन यह खत्म हो जाता है। यह कड़वी हकीकत है। एक महिला के तौर पर कहूं तो आर्टिकल 17 तीन दिन के लिए अप्लाई नहीं होता और फिर चौथे दिन कहा जाए कि अछूत वाली कोई बात ही नहीं है।' फिर सबरीमाला की बात हुई तो सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि सबरीमाला मंदिर का मामला लैंगिक भेदभाव वाला नहीं है।

### क्रिकेट के वरिष्ठ कमेंटेटर लक्ष्मण शिवरामकृष्ण ने लिया संन्यास

# उभरते रंगभेद, जातिगत, क्षेत्रवाद की भावना को होगा कुचलना

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भारत जैसे लोकतंत्र में जहां मौलिक अधिकार में रंगभेद, छुआछूत, जातिगत, क्षेत्रवाद का कोई स्थान नहीं है उसी देश के वरिष्ठ क्रिकेटर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन के सनसनीखेज खुलासे ने पूरे देश व क्रिकेट जगत को स्तब्ध कर दिया है। शिवरामकृष्णन कोई साधारण व्यक्तित्व नहीं है. वे क्रिकेट के पूर्व खिलाड़ी और दुनिया में जाने-माने क्रिकेट कमेंटेटर हैं जो पिछले 23 वर्षों से टेलीविजन के विभिन्न चैनल में कामेंट्री किया करते थे।

विगत दिनों उन्होंने कामेंट्री को अलविदा कह दिया। इसका कारण भी उन्होंने बताया कि कामेंट्री के 23 वर्ष के लंबे सफर में उन्हें कभी भी टास अलाउंस करने और प्रेजेंटेशन करने का मौका नहीं दिया गया। इसके बारे में उन्होंने स्वयं कहा कि शायद ऐसा उनके शारीरिक रंग के कारण संभव हुआ। लक्ष्मण शिवरामकृष्णन मूलतः तमिलनाडु के रहने वाले हैं जहां भौगोलिक परिस्थिति सालभर तापमान 20 डिग्री से कम नहीं होता। लक्ष्मण शिवरामकृष्णन अंग्रेजी बहुत शुद्ध व साफ हुआ करती थी और क्रिकेट खेल की बारीकी की काफी सटीक प्रस्तुति करते थे। उन्होंने अपनी बातचीत , या खेल के लयबद्ध वर्णन के दौरान , उच्चारण के द्वारा कभी भी ऐसा नहीं होने दिया जिससे यह पता चल सके कि वे दक्षिण भारतीय हैं। शिवरामकृष्णन ने भारत के लिए नौ टेस्ट खेले और 16 वनडे में 15 विकेट हासिल किए। वे एक जुझारू खिलाड़ी थे और फारवर्ड शार्ट लेग पर पूरी चपलता व चौकसी के साथ फील्डिंग करने में माहिर थे। भारत में इस तरह रंगभेद की खबर आना इस बात का द्योतक है कि आज भी कुछ भारतीयों या भारत के वर्ग विशेष के लोगों की मानसिकता का स्तर गिरा हुआ है।

आश्चर्य की बात है कि 23 वर्षों तक कामेंट्री के माध्यम से खिलाड़ियों, दर्शकों, खेलप्रेमियों तक खेल की बारीकियों को पहुंचाने वाले स्वयं रंगभेद के जाल में उलझकर गुमनामी में चले गये हैं। इस तरह की घटना कोई साधारण नहीं है परंतु दुर्भाग्य की बात है मीडिया यहां तक सोशल मीडिया, टीवी चैनल में रंगभेद की इस घटना का कोई उल्लेख नहीं मिलता। इससे स्पष्ट है कि मीडिया को अपने कंपनी के लिए राजस्व से मतलब है .इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कवरेज ने इतनी बड़ी अनहोनी को अपने आंचल से ढंक लिया । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को स्वयं इस तरह के अन्याय से सजग होना चाहिए। बीसीसीआई के मीडिया विभाग ने रंगभेद के आरोप को कितनी गंभीरता से लिया है आगे चलकर उनकी क्या रणनीति होगी। इस बारे में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। रंगभेद नीति का विरोध करने के कारण दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला ने 26 वर्ष जेल की सजा पाई थी। रंगभेद दक्षिण अफ्रीका में 1948 से 1994 तक नेशनल पार्टी सरकार द्वारा लागू कर संस्थागत नस्लीय भेदभाव प्रणाली थी। आखिरकार नेल्सन मंडेला के नेतृत्व में संघर्ष और अंतर्राष्ट्रीय दबाव की वजह से 1994 में लोकतांत्रिक चुनाव के साथ रंगभेद की नीति समाप्त हुई। इस नीति की वजह से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चाहे वे किसी भी खेल के खिलाड़ी हों उन्हें विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित होना पड़ा।

जब लोकतंत्र में समानता व एकता का अधिकार दिया गया है तो फिर भारत में घटित इस घटना को बेहद गंभीरता से लेना चाहिए । लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने महज 60 वर्ष की उम्र में रंगभेद के घुटन के कारण क्रिकेट कामेंट्री को छोड़ दिया जबकि उनसे अधिक 75 उम्र के सुनील गावस्कर जैसे खिलाड़ी आज भी कामेंट्री कर रहे हैं। भारत में कभी भी खेलकूद में जातीय या अमीर-गरीब, रंगभेद की नीति को बढ़ावा नहीं मिलना चाहिए। खिलाड़ी चाहे भारत के किसी भी कोने से हो किसी जाति का हो अगर उसमें प्रतिभा है तो उसे मौका दिया जाना चाहिए।

## ड्यूटी के दौरान ठेका श्रमिक की मौत

**भिलाई, 7 अप्रैल ।** भिलाई स्टील प्लांट में कार्यरत ठेका श्रमिक की ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 42 वर्षीय बृजेश कुमार के रूप में हुई है, जो एसएमएस-3 में प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत कार्यरत थे। जो जानकारी आ रही है उसके अनुसार, बीती रात ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्होंने बेचैनी की शिकायत की। सहकर्मियों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी, लेकिन हालत और खराब होने पर दो साथी कर्मचारी उन्हें बाइक से अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में वह गिर पड़े। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगी। उल्लेखनीय है कि इसी सप्ताह ब्लास्ट फर्नेस-4 में एक ठेका श्रमिक की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई थी।

# गैस सिलेंडर सप्लाई न होने पर लोगों ने किया चक्का जाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 7 मार्च।** भिलाई-3 के ग्राम करसा में एचपी गैस सिलेंडर की सप्लाई नहीं होने से नाराज़ ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह चक्का जाम कर दिया। ग्रामीण सड़क पर बैठ गए और गैस एजेंसी के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। इससे कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा और सड़क पर वाहनों की कतार लग गई सूचना मिलने के बाद पुरानी भिलाई थाने पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइश देकर जाम समाप्त कराया ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब 20 दिनों से गांव में एचपी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। कई बार एजेंसी के चक्कर लगाने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। घरों में खाना बनाने में परेशानी हो रही है और लोगों को लकड़ी और अन्य विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया शताक्षी गैस एजेंसी में नियमित नहीं हो रही सप्लाई ग्रामीणों ने बताया कि शताक्षी गैस एजेंसी से सिलेंडर की सप्लाई होती है, लेकिन समय पर गैस नहीं मिल रही है एजेंसी के सामने कई बार शिकायत की गई, फिर भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ लोगों का आरोप है कि एजेंसी में व्यवस्था ठीक नहीं है, जिससे आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कुछ दिन पहले इसी गैस एजेंसी में बाउंसर द्वारा ग्राहकों से मारपीट करने का मामला सामने आया था, जिससे लोगों में पहले से ही नाराज़गी थी अब सिलेंडर नहीं मिलने से गुस्सा और बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि गैस जैसी जरूरी चीज के लिए बार-बार भटकना पड़ रहा है जल्द सप्लाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों से बातचीत की और जल्द सप्लाई सुधारने का भरोसा दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया और सड़क से हट गए प्रशासन ने गैस एजेंसी से भी बात कर स्थिति सुधारने के निर्देश दिए हैं ग्रामीणों ने साफ कहा है कि अगर जल्द ही गैस सिलेंडर की नियमित सप्लाई शुरू नहीं हुई तो वे फिर से आंदोलन करेंगे और इस बार बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

# पीएम आशा योजना के तहत समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीदी शुरू

**दुर्ग, 7 अप्रैल ।** जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर दलहन और तिलहन की खरीदी शुरू कर दी गई है। विपणन वर्ष 2026-27 के लिए प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चना, सरसों एवं अरहर की खरीदी का शुभारंभ आज विकासखंड धमधा के सेवा सहकारी समिति घोंटा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह एवं तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष श्री जितेन्द्र साहू ने भगवान बलराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। शुभारंभ के दौरान किसानों द्वारा लाए गए चना की तौल मशीन में तौल कर खरीदी प्रक्रिया की विधिवत शुरुआत की गई। शुभारंभ अवसर पर 12 किसानों से 336 क्विंटल चना और एक किसान से 10 क्विंटल अरहर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई।

कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण (पीएम-आशा) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को इसका पूरा लाभ सही तरीके से मिलना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी एक बड़े अभियान के रूप में सफलतापूर्वक संचालित की गई है और अब अन्य फसलों को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर शामिल करने की मंशा भारत सरकार की है। इसी उद्देश्य के तहत पीएम-आशा योजना की शुरुआत की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की मंशा है कि धान के अलावा अन्य फसलों को भी बढ़ावा दिया जाए। लगातार एक ही फसल उगाने से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है और पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। फसल चक्र अपनाने से मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है और बीमारियों का खतरा भी कम होता है। धान की खेती में पानी की खपत अधिक होती है। उन्होंने किसानों से चना, दलहन जैसी कम पानी वाली फसलों की खेती करने की सलाह दी। उन्होंने कहा ÷जल है तो कल है÷ यदि अभी पानी बचाएंगे तो हमारे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा।तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र साहू ने कहा कि धान खरीदी छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना रही है, जिसे सरकार ने अपने वादे के अनुरूप सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

## एक नजर

### 10 लाख की धोखाधड़ी,महिला गिरफ्तार



**भिलाई, 7 मार्च (तछसं.)।** भिलाई 6 माह में रकम दोगुना करने एवं लोन दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने वाली महिला को पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लि या है आरोपी महिला के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज है पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि थाना पद्मनाभपुर क्षेत्रांतर्गत धोखाधड़ी के दो अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार किया गया आरोपी लक्ष्मी टाण्डी (30 साल ) निवासी रायपुर नाका ने प्रार्थी सारपल्ली भास्कर को 6 माह में रकम दोगुना करने का प्रलोभन देकर लगभग 3 लाख रुपये नगद एवं 7 लाख रुपये विभिन्न खातों में ऑनलाइन माध्यम से जमा करवाकर धोखाधड़ी की इसी प्रकार आरोपी ने प्रार्थी कविता श्रीवास्तव को लोन दिलाने का झांसा देकर 10,000 रुपए ऑनलाइन एवं 50,000 रुपए नगद प्राप्त कर धोखाधड़ी की। उक्त प्रकरणों में थाना पद्मनाभपुर में धारा 318(4) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### ऑनलाइन सट्टा,3 गिरफ्तार



**भिलाई, 7 मार्च (तछसं.)।** भिलाई चार पहिया-दोपहिया में घूम-घूमकर आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से 3 मोबाइल, क्रेटा कार एवं स्कूटी जब्त किया है जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम खेदामारा नहर किनारे मैदान में कुछ व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा (जुआ) खेल रहे हैं सूचना पर थाना जामुल एवं एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने दबिश देकर डिकेश्वर सिन्हा उर्फ राजा (28 साल ) निवासी मठपारा, जामुल, कुलेश्वर पटेल (28 साल ) निवासी खेदामारा, जामुल और दीपेश कुमार लहरी उर्फ सन्नी (23 साल ) निवासी गणेश नगर, जामुल को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाते हुए पकड़ा गया। आरोपियों द्वारा पुलिस से बचने के लिए लगातार स्थान बदलकर क्रेटा कार एवं स्कूटी से घूम-घूमकर सट्टा संचालन किया जा रहा था। इस मामले में धारा 5, 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से जब्त मोबाइल के परीक्षण पर लगभग 2,50,000 से 3,00,000 तक का ऑनलाइन लेनदेन पाया गया।

### ऑनलाइन एनआरएल आवेदन मॉड्यूल का शुभारंभ



**भिलाई, 7 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ऑनलाइन एनआरएल आवेदन मॉड्यूल का प्रदर्शन एवं शुभारंभ इस्पात भवन में किया गया। इस मॉड्यूल का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक सुनील सिंगल, मुख्य महाप्रबंधक पी. के. चोखानी, राजीव महेंद्रु तथा महाप्रबंधक नीना जायसवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस मॉड्यूल का विकास वरिष्ठ प्रबंधक इरफान हुसैन सिद्दीकी एवं उनकी टीम द्वारा महाप्रबंधक संदीप झा के नेतृत्व में किया गया है। कार्यक्रम के दौरान उप प्रबंधक सुश्री संजोला ने मॉड्यूल का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।

# विधायक भावना दीदी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत चार में चहुमुंखी विकास जारी : राजेश्वरी धृतलहरे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 7 अप्रैल।** जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र घृतलहरे ने बताया की हमारे पंडरिया विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक दीदी भावना बोहरा जी के अथक प्रयास से हमारे क्षेत्र में एवं पंडरिया विधानसभा में रोड पुल पुलिया बुनियादी ढांचे का निरंतर विकास की ओर आगे बढ़ रहा है और हमारे पंडरिया विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक की भावना बोहरा जी ने रायपुर में एक जन सेवा ही भावना सेवा है कि देश है पंडरिया विधानसभा के जनमानस के लिए निशुल्क भजन एवं रहने की व्यवस्था और अस्पताल ले जाने लाने की सुविधा निशुल्क करने के लिए दीदी जी को बहुत-बहुत धन्यवाद । सड़क निर्माण प्रतापपुर से दामापुर टू लेन सड़क 32 करोड रुपए की स्वीकृति कोलगांव से हाथमुड़ी 7.5 करोड़ पटुवा से माकरी 5 करोड़ मकरी से कुंडा 3 करोड़ दामापुर से बहबलिया 3 करोड़ 75 लाख रूपये के सड़को का निर्माण प्रगति पथ पर है ओर जिला पंचायत चार में विकास से किसान , युवा , महिलाएं और बुजुर्ग खुश है । रायपुर में पंडरिया सदन खुली है जिसके लिए विधायक भावना दीदी को धन्यवाद । जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने बताया की गुणवत्ता युक्त विकास कार्य पर विशेष फोकस रखती हूं और शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से मिले सभी परिवार को जिस पर विशेष ध्यान देती हूं । गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुंदर आवास बन रहे है जिससे किसान ओर गरीब परिवार खुश है । भावना दीदी के विकास के सपने को साकार करने का सार्थक प्रयास कर रही हूं ।

# कलेक्टर ने पचराही में निर्माणाधीन गौधाम का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 7 अप्रैल।** जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र बोड़ला विकासखंड के ग्राम पचराही में पशु संरक्षण और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के तहत गौ प्रशिक्षण केंद्र सह गौधाम का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। लगभग 10 एकड़ में विकसित हो रहा यह प्रोजेक्ट न केवल निराश्रित गौवंश के संरक्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर भी तैयार करेगा। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न संरचनाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। इस गौधाम में आधुनिक सुविधाओं के साथ पशुओं के लिए शेड, उपचार कक्ष, प्रशिक्षण भवन सहित विभिन्न आवश्यक अधोसंरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

इस गौधाम में निराश्रित एवं परित्यक्त गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाएगा। साथ ही यहां स्थापित गौ प्रशिक्षण केंद्र में गोबर, गोमूत्र एवं अन्य गौ-उत्पादों से विभिन्न उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे स्थानीय ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

गौरतलब है कि गौधाम परिसर में पशु शेड (चार भागों में), बीमार पशुओं के लिए अलग शेड, बछड़ों के लिए विशेष शेड, प्रशिक्षण शेड, मेडिसिन कक्ष, चौकीदार आवास, चेन लिंक फेंसिंग, ट्यूबवेल एवं विद्युतीकरण जैसे विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। यह परियोजना पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में पशुपालन और गौ-आधारित आजीविका को नई दिशा देगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री आर बी देवांगन, अधीक्षक भू अभिलेख श्री गजेंद्र साहू, तहसीलदार श्री हुलेश्वर पटेल, जनपद सीईओ बोड़ला श्री आकाश राजपूत, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी विभोर साहू सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बधाई



### डिप्टी सीएम के निज सचिव ओमकार साहू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**कवर्धा।** सुबह से ही फोन पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा के निज सचिव ओमकार साहू को जन्मदिन की बधाई देने का सिलसिला जारी रहा । नरेंद्र मानिकपुरी , अमर कुर्रे ,गोलू यादव , अमृत साहू , कमलेश तिवारी एवं स्टाफ ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा के निज सचिव ओमकार साहू को गुलदस्ता भेंटकर एवं केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी ।

### सेक्टर-9 में मरीजों को मिलेगी डिजिटल सुविधा



**भिलाई, 7 अप्रैल ।** भिलाई इस्पात संयंत्र क जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में अहम कदम उठाते हुए एचएमआईएस (हॉस्पिटल मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम) के अपॉइंटमेंट मॉड्यूल का शुभारंभ किया गया।मॉड्यूल का उद्घाटन 6 अप्रैल को कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक एवं एचएमआईएस टीम उपस्थित रही। डॉ. विनीता द्विवेदी ने बताया कि यह मॉड्यूल अस्पताल के डिजिटल इकोसिस्टम का अहम हिस्सा है, जहां पहले ही ओपीडी, फार्मेसी और लैब सेवाएं ऑनलाइन की जा चुकी हैं।



### निशुल्क मटका वितरण

**उतई,7 अप्रैल (तछसं.)।** विगत कई वर्षों से सृजन संगठन उतई के सदस्यों दुवारा गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों के प्यास बुझाने के लिए नगर में जगह जगह सकोरे एवं पानी पीने के लिए मटका का निशुल्क वितरण नगर में कर रहे है । वही घुमन्तु गाय एवं अन्य पशुओं के लिये जल पात्र कोटना को नगर में जगह जगह रख रहे है। जिससे पशु पक्षियों की पियास बुझाने में मदद मिल सके । इस नेक कार्य के लिए आम जनो ने सृजन संगठन को बधाई प्रेषित की है।



### नारी शक्ति, ठेका श्रमिक विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई, 7 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र विभाग द्वारा नारी शक्ति- ठेका श्रमिक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक प्रभारी जे. एन. ठाकुर, महाप्रबंधक प्रभारी संजीव श्रीवास्तव तथा महाप्रबंधक विकास चंद्रा भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में पवन कुमार ने महिला श्रमिकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। वहीं जे. एन. ठाकुर ने छत्तीसगढ़ी भाषा में संवाद करते हुए श्रमिकों को संयंत्र द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी प्रयासों की जानकारी दी । कार्यक्रम के संचालन में वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री प्रियंका मीना, उप प्रबंधक सुश्री समयला अंसारी, सहायक प्रबंधक सुश्री तनमयी एवं सुश्री शिरीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा भिलाई जिला द्वारा जिला अध्यक्ष समद कुरैशी के नेतृत्व में 6 अप्रैल को पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सुपेला घड़ी चौक में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आम जनों के बीच शरबत एवं मिठाई का वितरण कर उत्सव का माहौल बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, प्रदेश प्रभारी अकबर तिगाला सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी कर स्थापना दिवस का उत्सव मनाया गया। जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने बताया कि भिलाई जिले के सभी 13 मंडलों में स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। वहीं समद कुरैशी ने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस पूरे देश में जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है और यह कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए संगठन की विचारधारा पर प्रकाश डाला। साथ ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का भी जिक्र किया गया। जिला महामंत्री अब्दुल नासिर ने इसे प्रेरणा और संकल्प का दिवस बताते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए संगठन विस्तार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

### बीआरएम ने रचा इतिहास उत्पादन व डिस्पैच में नया रिकॉर्ड

**भिलाई, 7 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10.56 लाख टन उत्पादन एवं 10.59 लाख टन डिस्पैच कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। साथ ही तकनीकी मानकों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया गया। इस उपलब्धि पर निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र एवं कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार सहित प्रबंधन ने टीम को बधाई दी। विभागाध्यक्ष योगेश शास्त्री ने इसे टीमवर्क और नवाचार का परिणाम बताया।

# डेंगू और मलेरिया के विरुद्ध निगम ने नेहरू नगर जोन में चलाया अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 अप्रैल।** नगर निगम द्वारा शहर में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त के निर्देशानुसार 06 अप्रैल को नेहरू नगर जोन-1 अंतर्गत वार्ड-10 लक्ष्मीनगर सुपेला)क्षेत्र में सघन मच्छर उन्मूलन अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत प्रसाद बिल्डिंग के पीछे स्थित बस्ती में निगम के विशेष दल एवं जिला मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम ने घर-घर सर्वेक्षण किया। इस दौरान कूलर, पानी की टंकी, ड्रम एवं अन्य पात्रों में जमा पानी की बारीकी से जांच की गई और जहाँ भी लार्वा मिलने की संभावना थी, वहां तत्काल पानी खाली कराया गया। मच्छर लार्वा नियंत्रण हेतु स्प्रेयर पंप से दवा का छिड़काव किया गया, वहीं वयस्क मच्छरों के खात्मे के लिए प्रभावित क्षेत्रों में मेलाथियान का छिड़काव किया गया। साथ ही पक्की एवं कच्ची नालियों में जमा पानी पर भी दवाइयाँ डालकर मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाने का प्रयास किया गया। स्वास्थ्य टीम द्वारा नागरिकों को डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए तथा पाम्पलेट वितरित कर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों के कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदलें, आसपास पानी जमा न होने दें तथा मच्छरदानी का उपयोग करें, ताकि इन बीमारियों से सुरक्षित रहा जा सके।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में समुद्री उद्योग की संभावनाओं पर किया मंथन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 अप्रैल ।** इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स द्वारा जीईसी-एनआईटी रायपुर एलुमनाई एसोसिएशन के सहयोग से 5 अप्रैल को एनआईटी रायपुर स्थित गोल्डन टावर में राष्ट्रीय समुद्री दिवस 2026 का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम मैरीटाइम इंडिया - प्रगति को सशक्त बनाना रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता हृदय मोहन ने अपने संबोधन में भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास और वर्तमान संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे भू-आबद्ध राज्य में भी समुद्री उद्योग में योगदान देने की अपार क्षमता है। विशिष्ट अतिथि हरिकेश वर्मा ने समुद्री क्षेत्र में भारत की बढ़ती संभावनाओं का उल्लेख करते हुए तटीय बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स को सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने इंजीनियरों से ईंधन दक्षता, प्रदूषण नियंत्रण और सुरक्षित जहाज संचालन के लिए नवाचार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुनीत चौबे ने की। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में बताया कि भारत अपनी 11 हजार किमी लंबी तटरेखा को आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन के रूप में विकसित करने की दिशा में अग्रसर है और मैरीटाइम इंडिया विजन 2030/2047 इसके महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। डॉ. के.के. घोष ने भारतीय जहाज उद्योग में एलुमनाई की भूमिका बताई, जबकि अन्य प्रतिभागियों ने समुद्री लॉजिस्टिक्स, जहाज निर्माण, नौसेना तकनीक और शोर नियंत्रण जैसे विषयों पर अपने शोध प्रस्तुत किए। डॉ. अजय त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग संस्थानों के संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं एलुमनाई बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री नंदिनी सिंह और सुयश वर्मा ने किया।

## निधन

### आरके नारंग

**भिलाई, 7 अप्रैल।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं नगर निगम के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता आर. के. नारंग का 6 अप्रैल को प्रातः 6:30 बजे मुंबई में निधन हो गया।



उनके निधन से परिवार सहित परिचितों और क्षेत्र में शोक की लहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उनका पार्थिव शरीर भिलाई लाया गया, जहाँ नेहरू नगर स्थित उनके निवास से अंतिम दर्शन एवं अंतिम यात्रा प्रारंभ की गई। स्वर्गीय नारंग का अंतिम संस्कार 7 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में हुआ। वे अपने पीछे पत्नी श्रीमती नीलम नारंग, पुत्र अंकुर नारंग, पुत्री अंकिता नारंग शर्मा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवारजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए ईश्वर से इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की है। शहर के विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक वर्गों के लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

एक नजर

## गुड फ्राइडे पर अल्पसंख्यक मोर्चा की सराहनीय पहल



**राजनांदगांव 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुड फ्राइडे के पावन अवसर पर सेवा, करुणा और मानवता का एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जब अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री हैरी जोसेफ के नेतृत्व में एक विशेष सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस पहल ने समाज मे परोपकार और एकजुटता का संदेश प्रसारित किया। गुड फ्राइडे, जो त्याग, प्रेम और मानवता का प्रतीक माना जाता है के अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री हैरी जोसेफ ने किया जिसमें संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस सेवा अभियान के तहत राहगीरों, जरूरतमंदों और आम नागरिकों के बीच ठंडा पानी, बोट पेय पदार्थ एवं ताज़ी लीची का वितरण किया गया। भीषण गर्मी के बीच यह पहल लोगों के लिए राहत का कारण बनी और साथ ही समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि समाज के हर वर्ग की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। ऐसे आयोजनों से न केवल जरूरतमंदों को सहायता मिलती है बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे का वातावरण भी बनता है। इस अवसर पर मोर्चा के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और समर्पण सराहनीय रहा। उनके इस सेवा कार्य के लिए सभी को हृदय से धन्यवाद और शुभकामनाएं दी गई।।इस तरह के सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं जो हमें यह सिखाते हैं कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। गुड फ्राइडे के इस पावन दिन पर किया गया यह कार्य निश्चित ही मानवता की मिसाल बनकर सामने आया है।

## विज्ञापन में करोड़ों, लेकिन गैस उपभोक्ताओं की सुरक्षा भगवान भरोसे: सरिता मदन साहू

**राजनांदगांव 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के डोंगरगढ़



विकासखंड के मूदगांव में हुए गैस सिलेंडर हादसे ने घरेलू गैस सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। इस मामले में जनपद सदस्य श्रीमती सरिता मदन साहू ने सरकार और गैस एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपभोक्ताओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। मूदगांव में हाल ही में हुए बड़े गैस हादसे ने पूरे क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। इस घटना को लेकर जनपद सदस्य श्रीमती सरिता मदन साहू ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार गैस कनेक्शन के प्रचार-प्रसार में करोड़ों रुपये खर्च कर रही है लेकिन जमीनी स्तर पर उपभोक्ताओं की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस कनेक्शन देने के बाद हितग्राहियों को जो बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे उन्हें नहीं मिल पा रही हैं। खासकर गैस सिलेंडर, पाइप और रेगुलेटर की नियमित जांच बेहद जरूरी है, लेकिन गैस एजेंसियां इस दिशा में कोई गंभीरता नहीं दिखा रही हैं। श्रीमती साहू ने जोर देकर कहा कि अगर गैस एजेंसियां समय-समय पर उपभोक्ताओं के घर जाकर उपकरणों की जांच करें तो इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है। मूदगांव की घटना सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम की बड़ी लापरवाही का उदाहरण है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। मूदगांव की यह घटना एक चेतावनी है कि केवल योजनाओं का प्रचार ही काफी नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षित और प्रभावी क्रियान्वयन भी जरूरी है। अब यह देखना अहम होगा कि प्रशासन और संबंधित एजेंसियां इस मामले में क्या कदम उठाती हैं।

## जामड़ी से रायमन्होरा सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट: नवीन अग्रवाल



**मोहला 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मोहला- मानपुर -अ0चौकी के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जामडी से राय मनहोरा तक सात करोड़ के सड़क निर्माण कार्यों मेंविभाग के वरिष्ठ अधिकारीयो की अनदेखी के चलते गंभीर अनियमितताएँ एवं गुणवत्ता संबंधी समस्या है । जैसे जी.एस.बी. कार्य में निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं किए गए हैं जिससे सड़क की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होती है। पुल-पुलियों के निर्माण कार्य की स्थिति संतोषजनक नहीं है। श्री अग्रवाल ने इंजीनियर और ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए तथा निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुसार पुनः करवाया जाने की मांग की है और निष्पक्ष जांच एवं कार्यवाही 15 दिनों के समय में नहीं होने पर जनआंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# हल्बा समाज ने घेरा कलेक्टर कार्यालय,हत्यारों को फांसी देने की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 7 अप्रैल।** जिला मुख्यालय मोहला में सोमवार को आदिवासी बस चालक कमलेश भूआर्य की निर्मम पिटाई और उसके बाद हुई मौत के मामले ने उग्र रूप ले लिया है। इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में सोमवार को हजारों की संख्या में आदिवासी महिला, पुरुष और युवा सड़कों पर उतर आए। आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर जमकर नारेबाजी की, जिसके चलते प्रशासनिक बैठक में शामिल होने आए सांसद और विधायक घंटों अंदर ही फंसे रहे।

### 10 हजार की भीड़, झंडे और पुलिस से तीखी झड़प

सुबह से ही जिले के कोने-कोने से आदिवासी हल्बा समाज के लोग मोहला पहुंचने लगे थे। देखते ही देखते लगभग 10 हजार लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। हाथों में समाज के झंडे लिए प्रदर्शनकारी रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय की ओर बढ़े। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने मुख्य द्वार पर भारी बैरिकेडिंग कर रखी थी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस बल के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही।

### सभा कक्ष में 'कैद' रहे जनप्रतिनिधि

जिस वक्त बाहर हजारों की भीड़ इंसाफ की मांग कर रही थी, उस समय कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में सांसद संतोष पांडे, विधायक इंद्रशाह मंडावी और खुज्जी विधायक भोलाराम साहू प्रशासनिक बैठक में मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों के लामबंद होने और मुख्य द्वार के घिराव के कारण दोनों जनप्रतिनिधि और आला अधिकारी काफी समय तक अंदर ही रुके रहे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

समाज की मांगः 'आरोपियों को मिले फांसी की सजा'हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज में इस घटना को लेकर गहरा रोष है। मृतक की पत्नी अमरिका बाई भूआर्य के साथ पहुंचे समाज के लोगों ने शासन-प्रशासन के सामने अपनी कड़ी मांगें रखीं:

### हत्या के दोषी लोगों को फांसी की सजा दी जाए

पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा मिले। परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी प्रदान की जाए। हल्बा समाज के जिला अध्यक्ष बीरेंद्र मसिया ने कहा, हमारे समाज के युवक को जिस वीभत्स तरीके से थाने के पास दो-दो बार पीटा गया कि उसकी अंतड़ियां तक फट गई, वह असहनीय है। अगर जिला मुख्यालय में आम लोग सुरक्षित नहीं हैं, तो न्याय के लिए यह आंदोलन जारी रहेगा।

### क्या है पूरा मामला?

घटना 20 मार्च की है, जब मोहला के ही 6 युवकों ने बस चालक कमलेश भूआर्य की बेल्ट और पट्टों से बेरहमी से पिटाई की थी। गंभीर रूप से घायल कमलेश को राजनांदगांव के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 25 मार्च को उन्होंने दम तोड़ दिया। कमलेश अपने घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था, जिसकी मौत के बाद परिवार के सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है।

### पुलिसिया कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी वाय.पी. सिंह के निर्देश पर मोहला थाना प्रभारी कपिल देव चंद्रा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, आदिवासी समाज इस कार्रवाई को अपर्याप्त मानते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाने और कठोरतम सजा की मांग पर अड़ा है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए नगर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

# छत्तीसगढ़ की धरती के कण-कण में बसे हैं भगवान श्रीराम : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 7 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के कुनकुरी के सालियाटोली में आयोजित भव्य संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन और चरित्र का उल्लेख करते हुए उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस पावन अवसर पर व्यासपीठ पर विराजमान परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापूजी को सादर नमन करते हुए कहा कि आज कुनकुरी की यह पावन धरा धन्य हो गई है। उन्होंने कहा कि सालियाटोली का यह स्टेडियम श्रीराम कथा के रसपान से साक्षात श्रीराम का धाम बन गया है और चारों ओर 'जय श्रीराम' की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम का छत्तीसगढ़ से अत्यंत गहरा संबंध है। यह माता कौशल्या की पावन धरती है और भगवान श्रीराम का ननिहाल है, जहाँ वे भांजे के रूप में घर-घर में पूजे जाते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्ष के वनवास का अधिकांश समय दंडकारण्य क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ के जंगलों में बिताया, जिससे यहाँ के कण-कण में राम की उपस्थिति अनुभव होती है। वनवास काल से जुड़े सीता रसोई जैसे अनेक पवित्र स्थल आज भी इस भूमि की आध्यात्मिक विरासत के साक्षी हैं।

उन्होंने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम उस कालखंड में जीवन जी रहे हैं, जब अयोध्या में भगवान श्रीराम की पुनः प्रतिष्ठा हुई है। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा ने पूरे भारत को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ संकल्प से संभव हो सका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया था कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को श्रीरामलला के दर्शन कराए जाएंगे। इसी भावना के अनुरूप राज्य सरकार ने गठन के साथ ही श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ की, जिसके माध्यम से अब तक लगभग 42 हजार श्रद्धालु अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस के कण-कण में विराजमान हैं। जांजगीर क्षेत्र में रामभक्ति का विशेष स्वरूप देखने को मिलता है, जहाँ रामनामी समुदाय के लोग अपने रोम-रोम में राम का नाम बसाए हुए हैं और अपनी आस्था के प्रतीक स्वरूप अपने शरीर पर 'राम-राम' का गोदना अंकित कराते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल और 100 टन से अधिक हरी सब्जियां अयोध्या भेजी गई थीं। यह विशेष भोग ननिहाल के प्रेम और 500 वर्षों के संघर्ष के पश्चात प्रभु की स्थापना के उपलक्ष्य में समर्पित किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ से गई डॉक्टरों की टीम एवं मेडिकल स्टाफने अयोध्या में रामभक्तों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने अवैध धर्मांतरण को रोकने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू किया है, जिसके सख्त प्रावधानों के माध्यम से इस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव, श्री सुनील गुप्ता, श्री उपेंद्र यादव, श्री सुनील अग्रवाल, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

2 अप्रैल से प्रारंभ हुई श्रीराम कथा की भक्तिधारा 8 अप्रैल तक रहेगी प्रवाहित परम पूजनीय संत चिन्मयानंद बापूजी के श्रीमुख से 2 अप्रैल से प्रारंभ हुई श्रीराम कथा की पावन भक्तिधारा 8 अप्रैल तक निरंतर प्रवाहित होती रहेगी। इस दिव्य आयोजन में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचकर कथा का रसपान कर रहे हैं। श्रीराम कथा महोत्सव के आयोजन से कुनकुरी सहित आसपास के समूचे क्षेत्र में गहरा धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया है। श्रद्धालुजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ कथा श्रवण कर प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प ले रहे हैं।

## कलेक्टर ने सुकुलदैहान में राजस्व पखवाड़ा शिविर का किया निरीक्षण



■ ग्रामीणों से सीधे संवाद कर समस्याएं सुनीं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 अप्रैल।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर में प्राप्त नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, नक्शा सुधार, ऋण पुस्तिका सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली और उनके समय-सीमा में तथा प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को उनके निवास के समीप ही सरल, त्वरित एवं पारदर्शी राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन एवं प्रकरण पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए तथा निराकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। कलेक्टर ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लेने तथा आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखने के लिए भी प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान शिविर में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष प्रकरणों का नियमानुसार एवं निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री प्रेमप्रकाश शर्मा, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन तथा राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 60 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर एसपी ने किया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा जिले में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले 60 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा से पुलिस विभाग की छवि सुदृढ़ हुई है। उन्होंने सभी को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कुमार कसेर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मानित किए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, कर्तव्यपरायणता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया जाता है, जिससे वे और अधिक उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

## निगम की 8 की सामान्य सभा एवं 9 की बजट बैठक स्थगित

■ आगामी सामान्य सभा 21 अप्रैल को एवं बजट बैठक 22 अप्रैल को निर्धारित समय में

**राजनांदगांव 7 अप्रैल।** नगर पालिक निगम की सामान्य सभा 8 अप्रैल को एवं बजट बैठक 9 अप्रैल 2026 को आहुत की गई थी है। उक्त दोनो बैठक अपरिहार्य कारणो से स्थागित की गयी है। अब सामान्य सभा की बैठक 21 अप्रैल दिन मंगलवार को एवं बजट की बैठक 22 अप्रैल 2026 बुधवार को आहुत की गयी है। बैठक के संबंध में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने बताया कि दिनांक 8 अप्रैल को 7 विषयो की स्वीकृति के लिए आहुत सामान्य सभा की बैठक अपरिहार्य कारणो से स्थगित किया गया है। उक्त बैठक अब संशोधित तिथि 21 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को निर्धारित समय 11:00 बजे से टाउन हॉल में आहुत की जावेगी। बैठक में पूर्व निर्धारित 7 विषयो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। अध्यक्ष श्री वर्मा ने जानकारी दी कि इसी प्रकार बजट की बैठक 9 अप्रैल के स्थान पर 22 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को निर्धारित समय 12:00 बजे से आहुत की गयी है। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा इस कार्यकाल का द्वितीय बजट प्रस्तुत किया जावेगा। बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2025-26 एवं प्रस्तावित आय-व्यय (बजट) वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृति हेतु चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। उन्होंन बैठक में महापौर सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों,पार्षदों, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि व पत्रकारों एवं अधिकारियों कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की है।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी कर आत्महत्या के लिए विवश करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 7 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा0पु0से0) के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर (रा0पु0से0) तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अलेक्जेण्डर किरों (रा0पु0से0) के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक मिलन सिंह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में 'अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत धोखाधड़ी एवं गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

प्रकरण के अनुसार, मृतक कोमल साहू ने दिनांक 17.10.2025 को मानसिक तनाव के चलते जहर सेवन कर लिया था, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मर्ग जांच के दौरान मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ तथा बैंक स्टेटमेंट व मोबाइल डेटा की गहन जांच की गई। विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी मो. अजीज खान ने मृतक को शेयर मार्केट में निवेश और 'तंत्र-मंत्र' (चटिया मटिया) के माध्यम से पैसे दोगुना करने का लालच देकर लगभग 04 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। रकम वापस न मिलने और कर्जदाताओं के दबाव के कारण मृतक अत्यधिक मानसिक तनाव में था, जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया।

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की घेराबंदी कर उसे इंदौर (मध्य प्रदेश) से दिनांक 03.04.2026 को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने नकद और बैंक खातों के माध्यम से करोड़ों की राशि प्राप्त करना स्वीकार किया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 130/2026 धारा 318(4), 108, 3(5) बीएनएस कायम कर विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिनांक 17.04.2026 तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है एवं प्रकरण में अन्य आरोपियों के विरूद्ध प्रर्याप्त साक्ष्य प्राप्त कर विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। राजनांदगांव पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे किसी भी व्यक्ति के झांसे में आकर शेयर मार्केट में अनाधिकृत निवेश या पैसा दोगुना करने के प्रलोभन में न आएं। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निक्षक मिलन सिंह उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, प्र0आर0 शम्भूनाथ द्विवेदी, आरक्षक प्रकाश कुर्रे, श्रीनिवास राव, एवं सायबर सेल राजनांदगांव के आरक्षक हेमंत साहू, जीवन लाल ठाकुर टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## लोकभवन में लगा होम्योपैथिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**रायपुर, 7 अप्रैल।** राज्यपाल श्री रमेन डेका की पहल पर आज लोक भवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में होम्योपैथिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर इसका लाभ उठाया। शिविर में चिकित्सकों ने रक्तचाप, मधुमेह, आर्थराइटिस, रक्त संबंधी समस्याएं, सनस्ट्रोक, चिकनपॉक्स सहित विभिन्न बीमारियों के लिए होम्योपैथिक दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गई। चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। राज्यपाल श्री डेका स्वयं शिविर में पहुंचकर अपने रक्तचाप (बी.पी.) एवं वजन की जांच कराई।

■ सफाई, पानी का हाल जानने महापौर पहुँचे लखोली

# सेठीनगर में पेयजल समस्या का निराकरण करने अधिकारियों को दिये निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 7 अप्रैल। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज वार्ड निरीक्षण की कडी में लखोली क्षेत्र के वार्ड क्र 36 सेठीनगर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वार्डवासियों से मुलाकात कर पानी सफाई के संबंध में चर्चा किए और वार्ड में व्यवस्था सुदृढ़ करने अधिकारियो को निर्देशित किए। वार्ड नं. 36 सेठीनगर निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों से रूबरू हो क्षेत्र में पानी कम आने की शिकायत पर प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर पाईप लाईन विस्तार एवं इंटर कनेक्शन करने जल्द कार्यवाही करने तकनीकि अधिकारियो से महापौर ने कहा। त्वरित निराकरण के लिए उन्होंने बोरिंग पंप मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिंटेक्स टंकी में नियमित रूप से टैंकर के माध्यम से पानी भरे, जिससे उक्त क्षेत्र में निवासरत परिवार को राहत मिल सके। उन्होंने पाईप लाईन विस्तार एवं इंटर कनेक्शन कार्य को प्राथमिकता देकर प्रक्रिया कर अगले सप्ताह काम चालू करने कहा।

महापौर श्री यादव सेठीनगर वासियो से साफसफाई के संबंध में चर्चा कर कहा कि निगम के सफाई कर्मी प्रतिदिन सुबह साफसफाई का कार्य करते है। साफ सफाई मे सहयोग करना है, कचरा नाली में नही डालना है, घर का गिला सुखा कचरा अलग अलग रख स्वच्छता दीदीयो को देना है। उन्होंने कहा कि वार्ड एवं शहर को स्वच्छ एवं साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। निगम के सफाई करने से ही स्वच्छता नही आती आप सबके सहयोग से हम सफाई में और बेहतर काम कर सकते है। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे, फिटर सोमनाथ यादव व श्री टेमन ठाकुर एवं जल विभाग का अमला तथा सेठीनगरवासी उपस्थित थे।

## बड़ा पद, बड़ा भ्रष्टाचार हो तो बड़ी सजा होनी ही चाहिए

राजनीति में प्रशासन में भ्रष्टाचार सबसे बड़ी व गंभीर समस्या है। इस समस्या का समाधान कोई सरकार निकाल नहीं पाती है क्योंकि भ्रष्टाचार अब व्यक्तिगत से सामूहिक हो चला है। इससे एक तो लंबे समय तक भ्रष्टाचार का पता नहीं चल पाता है क्योंकि सभी मिलकर भ्रष्टाचार करते हैं तो भ्रष्टाचार शिष्टाचार हो जाता है क्योंकि कोई भ्रष्टाचार के बारे में किसी को कुछ बताता नहीं है, किसी को बताएगा तो खुद भी भ्रष्टाचार के मामले में सजा पाएगा। जब व्यक्तिगत तौर पर भ्रष्टाचार होता है तो उसे जानने व बताने वाले भी बहुत होते हैं।जैसे कोई घूस लेता है तो घूस लेने वाला घूस को छिपा नहीं सकता है क्योंकि जिसने घूस दिया है वह तो जानता है कि कौन काम के लिए घूस लेता है।लेकिन जब सरकारी पैसों का भ्रष्टाचार होता है तो सब मिलकर सरकारी पैसे का भ्रष्टाचार करते हैं तो सबको पैसा मिलता है इसलिए जानने वाले चुप रहते हैं और कोई बताने वाला होता नहीं है। सरकार किसी भी राजनीतिक दल की हो वह खुद को भ्रष्टाचार विरोधी तो बताती है लेकिन उसके शासन में हर तरह का भ्रष्टाचार होता रहता है।घूसखोर कर्मचारियों व अधिकारियों को तो शिकायत पर पकड़ा जाता है लेकिन जिन अफसरों की शिकायत नहीं होती है, वह सरकारी पैसों का भ्रष्टाचार करते हुए अपने पद पर बने रहते हैं। शिकायत होती भी है तो ऊपर तक सेटिंग रहने पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। हर सरकार में ऊपर से नीचे तक सरकारी पैसों का जो भ्रष्टाचार किया जाता है, उसका पूरी ईमानदारी से बंटवारा होता है। पिछली सरकार में हुआ शराब घोटाला हो या सट्टा घोटाला हो,कोल घोटाला हो,सब सरकारी पैसों का ही तो भ्रष्टाचार था।करने वालों में ऊपर से नीचे तक लोग शामिल थे क्योंकि यह सामूहिक भ्रष्टाचार था। इसका पता अक्सर सरकार बदलने के बाद चलता है और यही हुआ है। सरकार बदली तो पता चल रहा है कि ऊपर से नीचे तक सब भ्रष्टाचार में लिप्त थे। माना जाता है ऐसा तब ही होता है जब सरकार ही अपने लोगों के जरिए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली होती है। सामूहिक भ्रष्टाचार में सब समान अपराध करते हैं।सरकारी पैसों का भ्रष्टाचार करते हैं।सामूहिक भ्रष्टाचार में करोड़ो रुपए मिलते हैं, इतना पैसा मिल जाता है कि जिंदगी भर कमाने की जरूरत न रहे इसलिए ऐसे लोग नौकरी की परवाह नहीं करते मौका मिले तो एकमुश्त पैसा कमा लेना चाहते हैं।ऐसे लोगों को सजा कम मिलती है या इतनी देर से मिलती है कि उसका कोई मतलब नहीं रह जाता है। इसे रोकने के लिए सरकार को भी सुप्रीम कोर्ट की तरह सोचना चाहिए और जिस पद पर रहकर अपराध किया है उस पद के हिसाब से उसको सजा भी ज्यादा मिलनी चाहिए।अगर वह छोटे पद पर है तो कम सजा मिलनी चाहिए और बड़े पद पर है तो उसे बड़ी सजा मिलनी चाहिए।सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि पद जितना ऊंचा,जवाबदेही उतनी ही अधिक,गबन जैसे मामले में उसको सहकर्मियों जैसी हल्की सजा नहीं दी जा सकती क्योंकि पद के हिसाब से सजा बदल सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को दरकिनार करते हुए पंजाब व सिंध बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक की सेवा से बर्खास्तगी को सही ठहराया है।मामले के मुताबिक वरिष्ठ प्रबंधक ने अपने अधीनस्थ बैंक अधिकारी और एक गनमैन के साथ मिलकर ग्राहकों के पैसे का गबन किया और बैंक रिकार्ड में हेरफेर की। जांच में यह आरोप सही पाया गया। इस पर बैंक ने वरिष्ट प्रबंधक को सेवा से बर्खास्त कर दिया।जबकि सहआरोपियों के वेतन में कटौती व अनिवार्य सेवनिवृत्ति जैसी हल्की सजा दी।इस पर बैंक प्रबंधक हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने इसे भेदभाव मानते हुए प्रबंधक की सजा को बर्खास्तगी से बदलकर अनिवार्य सेवानिवृत्ति कर दी।मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो सुप्रीम कोर्ट ने भेदभाव के तर्क को खारिज करते हुए कहा कि समानता का सिध्दांत हर स्थिति में लागू नहीं होता।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वरिष्ठ प्रबंधक की जिम्मेदारी कर्मचारियों की निगरानी के साथ संस्थान में ईमानदारी बनाए रखना थी।वह ऐसा नहीं कर सके। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा है कि बड़े अधिकारी से अधिक ईमानदारी की अपेक्षा की जाती है। इसलिए उसके द्वारा किए गए कदाचार को अधिक गंभीर माना जाएगा।सुप्रीम कोर्ट की तरह राजनीति व प्रशासन में भी ऐसा ही फार्मूला लागू होना चाहिए लेकिन ऐसा होता नहीं है।एक भ्रष्ट मंत्री या मुख्यमंत्री तो पूरे प्रशासन को भ्रष्ट बना देता है। वह अपने व पार्टी के लिए पैसों का जुगाड़ करने सबको भ्रष्टाचार की खुली छूट दे देता है और पूरे प्रदेश में ऐसा भ्रष्टाचार होता है जैसा कि प्रदेश में पहले कभी हुआ नहीं।एक बार किसी राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था भ्रष्ट हो जाती है तो उसे कम करना आसान नहीं होता है क्योंकि सबको भ्रष्टाचार की आदत हो जाती है और वह उसे गलत नहीं मानते हैं,वह तो उसे अपना अधिकार मानते हैं। किसी पार्टी की सरकार आती है तो पार्टी के लोगों को भी यही लगता है कि अब उनके कमाने के दिन आए हैं। पार्टी की सरकार बने तो ऐसा तो होता नहीं है कि पार्टी के सारे नेता ईमानदारी व सदाचार का उदाहरण पेश करें।

**(लेखक बृजमोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री एवं वर्तमान में रायपुर लोकसभा से सांसद हैं)** तरुण छत्तीसगढ़

# मोदी, शाह और साय की रणनीति ने 60 साल के नासूर से देश और छत्तीसगढ़ को मुक्ति दिलाई

छह दशकों तक भारत की आंतरिक सुरक्षा, लोकतांत्रिक व्यवस्था और विकास यात्रा को चुनौती देता रहा नक्सलवाद आज अपने निर्णायक अवसान की अवस्था में पहुँच चुका है। यह केवल एक सुरक्षा सफलता नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय संकल्प की विजय है, जिसमें स्पष्ट नीति, अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति और केंद्र-राज्य के अभूतपूर्व समन्वय ने मिलकर एक जटिल और दीर्घकालिक समस्या का समाधान किया है।



नक्सलवाद का यह अवसान इस सत्य को पुनः स्थापित करता है कि भारत में बंदूक की शक्ति अंततः लोकतंत्र की सामूहिक शक्ति के आगे टिक नहीं सकती। यह परिवर्तन अचानक नहीं आया—इसके पीछे दशकों का संघर्ष, अनगिनत बलिदान और एक ऐसी रणनीतिक निरंतरता रही है, जिसने अंततः इस चुनौती को निर्णायक रूप से परास्त किया। इस ऐतिहासिक क्षण पर मैं उन सभी वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ—केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, कोबरा कमांडो, छत्तीसगढ़ पुलिस और स्थानीय सुरक्षाबलों के उन रणबाँकुरों को—जिन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से इस संघर्ष को निर्णायक मुकाम तक पहुँचाया। यह विजय उनके अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की अमिट गाथा है।

**नक्सलबाड़ी से रेड कॉरिडोर तक: एक वैचारिक आंदोलन का हिंसक विस्तार-** भारत में नक्सलवाद का उदय वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुआ, जिसकी वैचारिक जड़ें तत्कालीन सोवियत संघ और चीन की उग्र वामपंथी विचारधारा में थीं। अपनी विकास विरोधी छवि के कारण जब बंगाल में इस विचारधारा के प्रति विरोध पनपने लगा तो अपने विस्तार के लिए नक्सलवाद ने "सॉफ्ट टारगेट्स" की तलाश शुरू की—ऐसे क्षेत्र जहाँ शासन की पहुँच सीमित हो, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियाँ अधिक हों और जनजागरूकता कम हो। देश के वनांचल, आदिवासी और खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्र इस दृष्टि से सबसे आसान लक्ष्य थे। नक्सलवाद विस्तार की इसी रणनीति के तहत तथाकथित "रेड कॉरिडोर" विकसित हुआ, जो तिरुपति से पशुपति तक फैले विशाल भूभाग में फैल गया। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से घिरा छत्तीसगढ़, जिसका लगभग 42 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है, इस रेड कॉरिडोर का रणनीतिक केंद्र बन गया। पड़ोसी राज्यों से अपनी गतिविधियाँ सीमित रखने का अघोषित समझौता कर नक्सली अबूझमाड़ क्षेत्र में संगठित होते चले गए। अपनी दुर्गम भौगोलिक स्थिति के कारण दशकों तक प्रशासनिक सर्वेक्षण से दूर रहा अबूझमाड़ नक्सलियों का सुरक्षित शेल्टर बन गया।

**विचारधारा से विचलन: माओवाद से मनीवाद तक-** समय के साथ नक्सलवाद ने अपनी मूल वैचारिक पहचान खो दी और एक हिंसक आर्थिक उगाही तंत्र में परिवर्तित हो गया। बस्तर और सरगुजा जैसे वनाच्छादित जनजातीय क्षेत्रों में नक्सलियों ने समानांतर सत्ता संरचना स्थापित कर दी, जहाँ तथाकथित "जन अदालतों" के माध्यम से भय आधारित नियंत्रण कायम किया गया।

छत्तीसगढ़ के खनिज सम्पन्न क्षेत्रों की खदानें, विद्युत परियोजनाएँ, तेंदूपत्ता व्यापार—सभी उनके लिए उगाही के स्रोत बन गए। सरकारी कर्मचारियों, व्यापारियों, ठेकेदारों और यहाँ तक कि पुलिस बलों से भी जबरन वसूली की जाने लगी । यह उगाही धीरे-धीरे इतनी बढ़ी कि छत्तीसगढ़ में इसका वार्षिक आंकड़ा हजारों करोड़ रुपये तक पहुँचने की चर्चा होने लगी। सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस में यह विचारधारा समाप्त हो गई। चीन ने भी माओवाद की सशस्त्र संरचना को छोड़कर आर्थिक सुधारों पर आधारित पूंजीवादी कम्युनिज्म मॉडल को अपना लिया, लेकिन भारत में नक्सलवाद अपने मूल उद्देश्यों से भटककर लेवी वसूली और हिंसा फैलाने का टूल बन गया। नक्सलवाद के झंडाबरदारों ने विचारधारा को त्यागकर इसे अपने आर्थिक हितों की पूर्ति और आतंक फैलाने का साधन बना लिया।

**नक्सलवाद के वैचारिक समर्थन की राजनीतिक पृष्ठभूमि-** दुर्भाग्य से, कांग्रेस-नीत सरकारों के लंबे शासनकाल में नक्सलवाद के प्रति स्पष्ट और कठोर नीति का अभाव रहा क्योंकि उस दौर में केंद्र और कई राज्यों में भी वामपंथी पार्टियां कांग्रेस के सहयोगी की भूमिका में थीं। सत्ता के लिए वामपंथ के साथ कांग्रेस की राजनीतिक निकटता का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार करने की बजाय इसे सामाजिक-आर्थिक संघर्ष के रूप में प्रस्तुत कर वैधता प्रदान करने की नीति हावी हो गई। उस दौर में प्रशासनिक तंत्र के भीतर भी यह वैचारिक भ्रम दिखाई देता था। नक्सलवाद को सामाजिक समता पाने का वर्ग संघर्ष ठहराने के दृष्टिकोण से प्रशिक्षित किए गए आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की नीतियाँ भी नक्सलवाद के विरुद्ध कठोर होने के बजाय सहानुभूतिपूर्ण हो गई थीं। इस ढुलमुल नीति का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद देश के 12 राज्यों के लगभग 180 जिलों में फैल गया और छत्तीसगढ़ के गठन के बाद से ही प्रदेश के समग्र विकास की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गया।

**राष्ट्रीय चेतना का उदय: मेरे प्रारंभिक अनुभव-** छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहते हुए मुझे बस्तर क्षेत्र में काम करने का अवसर मिला जहां नक्सलवाद रूपी दैत्य से मेरा प्रथम साक्षात्कार हुआ और यह आभास भी हुआ कि दंडकारण्य में इस दैत्य का दमन केवल हथियारों से नहीं किया जा सकता। नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष की भूमि तैयार करने के लिए इस क्षेत्र में



वैचारिक जनजागरण की नितांत आवश्यकता थी और इसलिए जनजातीय समाज के बीच राष्ट्रीयता का अलख जगाने के प्रकल्प में मैंने भी अपनी भागीदारी निभाई। 1990 के दशक में स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा जी के नेतृत्व में रायपुर के पुराने कमिश्नर कार्यालय के बीटीआई कम्युनिटी परिसर में आयोजित बैठक में पहली बार यह निर्णय लिया गया कि नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष को राष्ट्रीयता के व्यापक संदर्भ में लड़ा जाएगा। यही वह निर्णायक मोड़ था जब नक्सलवाद की समस्या को केवल कानून-व्यवस्था के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के परिप्रेक्ष्य में देखा गया।

**जब हुई छत्तीसगढ़ विधानसभा की गोपनीय बैठक-** वर्ष 2003 से 2006 के बीच, जब मुझे मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी की सरकार में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री के रूप में कार्य करने का उत्तरदायित्व मिला, तब प्रदेश में पहली बार नक्सलवाद के विरुद्ध एक ठोस, नीतिगत और समन्वित अभियान प्रारंभ किया गया। "ज्वाइंट एफर्ट, ज्वाइंट कमांड और ज्वाइंट पॉलिसी" के सिद्धांत पर केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करने के प्रयास किए गए।

तात्कालीन केंद्रीय गृहमंत्री शिवराज पाटील जी के साथ इस विषय पर मेरी कई गंभीर और विस्तृत मंत्रणाएँ हुई थीं। उस दौर में इस विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए देश के इतिहास में पहली बार विधानसभा में गोपनीय बैठकों का आयोजन किया गया, ताकि लोग बिना किसी भय के खुलकर अपनी बात रख सकें। तात्कालीन स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडेय जी की अध्यक्षता में आयोजित की जाने वाली इन बैठकों से अधिकारियों और पत्रकार साथियों को भी दूर रखना जरूरी हो गया था। इन मंत्रणाओं के परिणामस्वरूप बनी रणनीति के तहत तात्कालीन डीजीपी ओपी राठौड़ के नेतृत्व में कई अभियान चलाए गए और इसी क्रम में सलवा जुडूम जैसे जनअभियान की शुरुआत हुई।

**सलवा जुडूम: जनभागीदारी का ऐतिहासिक अध्याय-** हमारे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि अशिक्षा, अज्ञानता और दुष्प्रचार के कारण स्थानीय समाज का एक बड़ा हिस्सा नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखता था। इस स्थिति को बदलने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। स्कूलों, महाविद्यालयों और छात्रावासों में पर्चे और साहित्य वितरित किए गए। घर-घर जाकर नक्सलवाद की वास्तविकता को उजागर किया गया। इस अभियान में दिल्ली विश्वविद्यालय और जेएनयू जैसे संस्थानों से जुड़े राष्ट्रवादी विचारकों और छात्रों का भी सहयोग लिया गया। जनजातीय समाज को यह समझाया गया कि नक्सल नेतृत्व में स्थानीय छत्तीसगढ़ी आदिवासियों की भागीदारी शून्य है। जल जंगल जमीन के नारों की आड़ में हमारे भोले-भाले आदिवासियों का उपयोग केवल एक साधन के रूप में किया जा रहा था। यह भी सामने आया कि नक्सलियों के द्वारा आदिवासी युवतियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था, उन्हें शोषण का शिकार बनाया जाता था, उन्हें विवाह तक नहीं करने दिया जाता और सामान्य सामाजिक जीवन जीने तक से वंचित रखा जाता था। इन सभी कड़वी सच्चाइयों के उजागर होने से आई जनजागृति का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद को मिलने वाला सामाजिक समर्थन कमजोर पड़ने लगा।

जब नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा बने सलवा जुडूम के अगुआ "सलवा जुडूम" केवल एक सरकारी पहल नहीं थी, बल्कि आदिवासी समाज के भीतर से उठा एक स्वाभाविक जनआंदोलन था, जिसने पहली बार सही मायने में नक्सलवाद को चुनौती दी। तात्कालीन नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा जी ने न केवल इस अभियान को पुरजोर समर्थन दिया बल्कि इसे जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। इस संघर्ष से जुड़े रहने के कारण अंततः उन्हें अपने प्राणों की आहुति तक देनी पड़ी—जो इस आंदोलन की गंभीरता और बलिदान की पराकाष्ठा का साक्षात प्रमाण है। नक्सलवाद ने हमें झीरम जैसे दंश दिए जिसमें प्रदेश के अग्रणी नेता काल कलवित हो गए।

सलवा जुडूम जनआंदोलन को अगर व्यापक संस्थागत समर्थन मिला होता, तो निश्चित ही नक्सलवाद का उन्मूलन उसी दौर में हो जाता, पर वैधानिक संस्थानों में काम करने वाले कई लोगों की सलवा जुडूम के खिलाफ लामबंदी, अर्बन नक्सली बुद्धिजीवियों के वैचारिक विरोध और केंद्र सरकार के नीतिगत असमंजस के कारण यह अवसर पूर्ण रूप से साकार नहीं हो सका।

**समन्वित नेतृत्व से निर्णायक परिवर्तन** -वास्तविक परिवर्तन तब आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में नक्सलवाद के विरुद्ध स्पष्ट, कठोर और समन्वित नीति अपनाई गई। नक्सलवाद को महज कानून-व्यवस्था की समस्या न मानकर, राष्ट्र की एकता, विकास और लोकतांत्रिक ढांचे के लिए गंभीर चुनौती मानते हुए नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए समयबद्ध रणनीति तैयार की गई।

केंद्र और राज्य सरकारों के सशक्त समन्वय के परिणामस्वरूप दिसंबर 2023 से मार्च 2026 के बीच सुरक्षा बलों ने लगातार सटीक और प्रभावी कार्रवाई करते हुए सैकड़ों कुख्यात नक्सलियों को निष्क्रिय किया, हजारों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया और बड़ी संख्या में गिरफ्तारियाँ सुनिश्चित कीं। लैंड माइंस का व्यापक निष्क्रियकरण हुआ और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए।

केंद्र और राज्य के समन्वित दृष्टिकोण और साझे प्रयासों से छह दशक पुराने नक्सलवाद के नासूर को जड़ से समाप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ.

**नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ की बुनियाद पर विकसित छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प-** वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए अब हमें नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ में गढ़ने के लिए दृढ़ संकल्पित होना पड़ेगा। जिस प्रकार आर्टिकल 370 के उन्मूलन से जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति और राष्ट्रीय एकीकरण का आधार बना, उसी प्रकार नक्सलवाद का समापन छत्तीसगढ़ के लिए एक नए युग का द्वार खोल रहा है।

जिन क्षेत्रों में कभी शासन की पहुँच सीमित थी, वहाँ अब सड़कों का जाल बिछ रहा है, मोबाइल नेटवर्क स्थापित हो रहे हैं, बैंकिंग सेवाएँ सुलभ हो रही हैं और शिक्षा-स्वास्थ्य की सुविधाएँ तेजी से विस्तार पा रही हैं। बस्तर और आसपास के क्षेत्रों में जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह केवल भौतिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक भी है। जहाँ कभी गनतंत्र का साया था, वहाँ आज जनतंत्र विश्वास और विकास के साथ स्थापित हो रहा है।

अब चुनौती इस सफलता को स्थायी बनाने की है—ऐसी सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक संरचना खड़ी करने की, जहाँ किसी भी प्रकार की हिंसक विचारधारा को पनपने का अवसर ही न मिले। आत्मसमर्पण करने वाले युवाओं के पुनर्वास, कौशल विकास, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को प्राथमिकता देना आवश्यक है, ताकि वे पुनः हिंसा के रास्ते पर न लौटें।

**बुलेट पर बैलेट की निर्णायक विजय-** नक्सलवाद पर यह विजय केवल एक आंतरिक सुरक्षा अभियान की सफलता नहीं है, बल्कि यह भारत के लोकतांत्रिक आत्मविश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। यह उस निर्णायक परिवर्तन का संकेत है, जहाँ भय की राजनीति को विश्वास की शक्ति ने प्रतिस्थापित किया है और जहाँ बंदूक के साये में जी रहे समाज ने विकास और सहभागिता के मार्ग को अपनाया है।

जो लोग बंदूक और गोलियों के दम पर भय के माध्यम से छत्तीसगढ़ में छद्म राज्य की कल्पना करते थे उनका अंत हुआ और लोकतंत्र की विजय हुई। बुलेट पर बैलेट की जीत हुई। देश की जनता, छत्तीसगढ़ की जनता और विशेषकर बस्तर की जनता को इस ऐतिहासिक विजय की हृदय से शुभकामनाएं।

### सू- दोकू क्र.001

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### शब्द सामर्थ्य -001 ([illegible])

बाएं से दाएं
1. सम्मति, रज़ामंदी 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. साहस, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. [illegible] 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे
1. शरीर का कोई भाग, शरीर प्रकृति का ही, दृढ़, मजबूत 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. चोट देने का हक 4. [illegible] 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



# बीजेपी के स्थापना दिवस पर दिल्ली से लखनऊ तक भगवामय

संजय सक्सेना,लखनऊ,



बीजेपी के स्थापना दिवस ने पूरे देश और प्रदेश को भगवा रंग में रंग दिया। 6 अप्रैल को मनाए गए इस खास अवसर पर दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश के कोने-कोने तक भाजपाइयों का उत्साह सड़कों पर उतर आया। मंचों पर भाषणों की गूंज सुनाई दी, कार्यकर्ताओं के नारे हवा में गूंजे और भगवा झंडियां लहराईं। यह दिन सिर्फ पार्टी का जश्न था, बल्कि आने वाले समय के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करने वाला पल साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे दिग्गजों की मौजूदगी ने इस उत्सव को और भव्य बना दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के 47 वर्षों के सफर को बारीकी से बयान किया। उन्होंने बताया कि कैसे पार्टी ने शुरुआती दिनों में किन-किन चुनौतियों का सामना किया। इंदिरा गांधी के आपातकाल के दौर में जब लोकतंत्र कुचला जा रहा था, तब भाजपा के संस्थापकों ने अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और अन्य नेताओं के नेतृत्व में संघर्ष की राह चुनी। मोदी ने कहा कि आपातकाल के बाद 1980 में स्थापित हुई भाजपा ने कभी समझौता नहीं किया। वे बोले कि पार्टी ने हमेशा राष्ट्रवाद, राम मंदिर निर्माण और एकात्म मानववाद जैसे सिद्धांतों पर डटी रही। चुनौतियों में आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और कांग्रेस की एकछत्र सत्ता शामिल थी। लेकिन भाजपा ने जनता के बीच जाकर अपनी बात रखी। मोदी ने पुराने नेताओं के किस्से सुनाए। उन्होंने अटल जी की कविता और वाक्पटुता का जिक्र किया, जो सदन में विपक्ष को चुप करा देती थी। आडवाणी जी की राम रथ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस यात्रा ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया। इन किस्सों से कार्यकर्ताओं में जोश भर गया।मोदी ने कांग्रेस के पतन के कारणों पर भी रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नेहरू युग से ही परिवारवाद को बढ़ावा दिया। इंदिरा गांधी के समय आपातकाल ने लोकतंत्र को कुचल दिया, जिससे जनता का भरोसा टूटा। राजीव गांधी के दौर में बोफोर्स घोटाले ने भ्रष्टाचार की पोल खोल दी। उसके बाद पीवी नरसिम्हा राव और फिर सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकारों में महंगाई, भ्रष्टाचार और आतंकवाद ने देश को जकड़ लिया। 2जी, कोलगेट और कमलनाथ जैसे घोटालों ने कांग्रेस को बदनाम कर दिया। मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने वादे तो किए, लेकिन पूरा करने की बजाय देश को कर्ज के बोझ तले दबा दिया। दूसरी तरफ भाजपा का उभार इन कमियों को भरने वाला साबित हुआ। 1998 में अटल जी की सरकार ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर देश को मजबूत बनाया। 2014 में मोदी सरकार ने विकास, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे कदम उठाए। आज भाजपा सत्ता में है और देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी बन चुकी है।उत्तर प्रदेश



में इस स्थापना दिवस का रंग कुछ और ही था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों में कार्यक्रमों में शिरकत की। लखनऊ के भाजपा मुख्यालय से लेकर वाराणसी तक सभाओं में उनकी उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। योगी ने कहा कि प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई से माफिया खत्म हुए और कानून का राज स्थापित हुआ। उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा फिर से पूर्ण बहुमत हासिल करेगी। योगी ने मोदी जी के भाषण का हवाला देते हुए बताया कि पार्टी ने गरीबी उन्मूलन, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण पर जो काम किया, वह जनता भूलेगी नहीं। लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ता जुटे। भगवा पटके लपेटे युवा नारे लगा रहे थे। योगी ने पुराने नेताओं को याद किया और कहा कि उनकी कुर्बानियां आज फलीभूत हो रही हैं।

देशभर में स्थापना दिवस के जश्न का अलग-अलग रूप दिखा। दिल्ली के रामलीला मैदान में मोदी का भाषण सुनने वालों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग ट्रैक्टरों, जीपों और बसों से आए। गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार और मध्य प्रदेश में भी सभाएं हुईं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी अब दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके एक करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। चुनौतियों के बावजूद भाजपा ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक फैलाव किया। पूर्वोत्तर में भाजपा की सरकारें बनीं, जहां कभी कांग्रेस का वर्चस्व था। मोदी ने भाषण में ट्रिपल तलाक बंदी, अनुच्छेद 370 हटाने और सीएए जैसे फैसलों का जिक्र किया। इनसे अल्पसंख्यकों को भी न्याय मिला, भले विपक्ष इसे तोड़-मरोड़कर पेश करे। कांग्रेस के पतन की कहानी भाजपा के उभार से जुड़ी हुई है। जहां कांग्रेस ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर वोटबैंक की राजनीति की, वहीं भाजपा ने सबका साथ-सबका विकास का मंत्र दिया। 1977 के चुनाव में जनता पार्टी की जीत के बाद भी कांग्रेस वापसी कर ली, लेकिन 1989 के बाद उसका ग्राफ लगातार गिरता गया। भाजपा ने 1991 में पहली बार केंद्र में सरकार बनाई, फिर 1998-2004 तक शासन किया। लेकिन असली मोड़ 2014 और 2019 में आया। मोदी की लहर ने भाजपा को 303 सीटें दिलाईं। आज पार्टी के पास केंद्र और अधिकांश राज्यों में सरकारें हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में 403 में से 273 सीटें जीतकर भाजपा ने इतिहास रचा। योगी सरकार ने मंदिर निर्माण को गति दी, जिससे अयोध्या भगवा नगरी बन गई। इस स्थापना दिवस ने कार्यकर्ताओं में नई उम्मीद जगाई। सड़कों पर भगवा जुलूस निकले, घर-घर में मीठाई बांटी गई। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर रहे थे। मोदी ने अंत में कहा कि आने वाले समय में भाजपा देश को विकसित भारत बनाएगी। 2047 तक भारत विश्व गुरु बनेगा। योगी ने प्रदेश कार्यकर्ताओं से कहा कि 2027 के चुनाव में फिर से भाजपा की लहर आएगी। विपक्ष के घोटालों और वादाखिलाफी के खिलाफ जनता भाजपा को ही चुनेगी। इस तरह स्थापना दिवस सिर्फ इतिहास का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य का संकल्प बन गया। भाजपा का सफर संघर्षों से भरा रहा। 1984 में सिर्फ दो सीटों से शुरुआत हुई, लेकिन धैर्य और संगठन शक्ति ने इसे शिखर पर पहुंचाया। पुराने नेताओं जैसे कुशाभाऊ ठाकरे, मुरली मनोहर जोशी की मेहनत रंग लाई। आज मोदी-योगी की जोड़ी इस विरासत को आगे बढ़ा रही है। देश का माहौल भगवामय होने से साफ है कि जनता भाजपा के साथ है। आने वाले चुनावों में यह जोश जीत का आधार बनेगा।

## एक नजर

### अजा,अजजा प्रतिभावान छात्रों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**जगदलपुर, 7 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए श्मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजनाश् (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के क्रियान्वयन हेतु प्रदेश के प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों से इम्पैनलमेंट के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में स्थित सीबीएसई या आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त उन उत्कृष्ट निजी विद्यालयों का चयन किया जाएगा, जहाँ शिक्षण संस्थान और छात्रावास एक ही परिसर में संचालित हो रहे हों। विभाग द्वारा इस वर्ष कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए कुल 200 विद्यार्थियों का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के 130 और अनुसूचित जाति वर्ग के 70 विद्यार्थियों को इन चयनित संस्थानों में प्रवेश दिलाकर उन्हें कक्षा 12वीं तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान की जाएगी। चयनित विद्यालयों को विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी। संस्थाओं के चयन के लिए कड़े मापदंड निर्धारित किए गए हैं, जिसमें विद्यालय का कम से कम 5 वर्ष पुराना होना, स्वयं का सुसज्जित भवन, डिजिटल क्लासरूम, खेल मैदान और मानक स्तर के पृथक बालक-बालिका छात्रावास होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, विगत तीन वर्षों का बोर्ड परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत से अधिक होना और विद्यार्थियों के लिए विशेष कोचिंग व गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था जैसे मानकों पर 100 अंकों के आधार पर विद्यालयों का श्रेणीकरण किया जाएगा। इच्छुक संस्थाएं 1000 रुपये के आवेदन शुल्क और 5 लाख रुपये की अमानत राशि साथ अपना प्रस्ताव संबंधित जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय में जमा कर सकती हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2026, शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। संस्थाएं अपना आवेदन पंजीकृत डाक, ई-मेल या व्यक्तिगत रूप से सौंप सकती हैं, जिसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश और प्रारूप विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। यह योजना न केवल छात्रों को प्रतिस्पर्धी बनाने और उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होगी, बल्कि उन्हें नई सोच के साथ बेहतर करियर चयन के अवसर भी प्रदान करेगी।

### योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से बदल रहा कमार जनजाति का जीवन स्तर

**कांकेर, 7 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पी.एम. जनमन योजना अंतर्गत जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मावलीपारा, बिहावापारा, मारवाड़ी, धनोरा, साईंमुण्डा, मुसुरपुट्टा, दुधावा, बासनवाही, गंवरसिल्ली, भैंसमुण्डी, दलदली, बादल और डोमपदर इत्यादि 13 ग्रामों में निवासरत विशेष रूप से पिछड़ी कमार जनजातियों के विकास के लिए केंद्र एवं राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) परिवारों के लिए संचालित योजनाएं अब जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव की कहानी लिख रही है।= कमार जनजातीय परिवार कभी बुनियादी सुविधाओं से वंचित था, बांस शिल्प और मजदूरी से अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। वहां अब नल-जल योजनांतर्गत प्रत्येक घरों में स्वच्छ पेयजल, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई गई है। इन सभी 13 ग्रामों 'कमार' जनजाति के 72 परिवार निवास करते हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 283 है, जिनके जीवन स्तर में सुधार के लिए पीएम-जनमन मिशन के अंतर्गत व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। बांस शिल्प, कृषि एवं मजदूरी पर निर्भर इस समुदाय को अब विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए गए हैं। 09 केंद्रीय मंत्रालयों के समन्वय से संचालित 11 प्रमुख गतिविधियों के माध्यम से सभी पीवीटीजी परिवारों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 22 पक्के आवास पूर्ण किए जा चुके हैं।

# सेन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने किया शपथ ग्रहण

- सेन समाज का ऐतिहासिक आयोजनः लोकार्पण और नई कार्यकारिणी का शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर 7 अप्रैल।** कांकेर जिले में सेन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सेन भवन का लोकार्पण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस दौरान समाज के नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों ने अपने कर्तव्य की शपथ ली और संगठन की दिशा को नई ऊर्जा मिली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सेन भवन का लोकार्पण था, जिसे विधायक आशाराम नेताम ने फीता काटकर किया। यह आयोजन समाज की एकता, परंपरा और सेवा भावना को मजबूत करने का प्रतीक बन गया।

**मुख्य अतिथियों और पदाधिकारियों का सम्मान और स्वागतः** कार्यक्रम में विधानसभा कांकेर के विधायक आशाराम नेताम सहित अतिविशिष्ट अतिथि भरत मटियारा, अरुण कौशिक, जिला अध्यक्ष, अध्यक्ष सहित अनेक समाजिक और राजनीतिक हस्तियों ने भाग लिया। स्वागत के लिए मांदरी नर्तक दल के नृत्य ने अतिथियों का मन मोह लिया। समारोह का संचालन गरिमामय ढंग से हुआ, जिसमें समाज के वरिष्ठ सदस्य, महिला प्रकोष्ठ की सदस्याएं, विभिन्न समाज संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर समाज के प्राचीन रीति-रिवाज और परंपराओं का निर्वहन किया गया।

**संत शिरोमणि सेन नंदा जी महाराज को किया श्रद्धांजलिः** लोकार्पण एवं शपथ ग्रहण समारोह के दौरान संत शिरोमणि सेन नंदा जी महाराज की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समाज के नवीन पदाधिकारियों को भी उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रुखम सेन, उपाध्यक्ष सोमलाल सेन, सचिव दिनेश शांडिल्य, कोषाध्यक्ष अशोक सेन सहित अनेक पदाधिकारियों ने अपने दायित्व का संकल्प लिया। विधायक आशाराम नेताम ने अपने उद्बोधन में समाज की उन्नति के लिए शिक्षा, संगठन और सहयोग पर बल दिया।

**समाज के विकास के लिए युवाओं का नेतृत्व जरूरीः** विधायक आशाराम नेताम और अतिथियों ने समाज के विकास में युवाओं के नेतृत्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। भरत मटियारा ने समाज के उत्थान के लिए युवाओं को आगे बढ़कर कार्य करने का आह्वान किया। पुनीत राम सेन ने संगठन की शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि समाज का एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन भोजन प्रसादी के साथ हुआ, जिसमें समाज के सदस्य, समाजसेवी और नागरिकों ने भाग लिया।

**एनएच से कांदुलनार सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार, अनियमितता और पेड़ों की कटाई जोरो पर**

# कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाय नियमों को ताक में रखकर करा रहे निर्माण कार्य





- बेशकीमती पेड़ पौधों को काटकर सड़क के किनारे गड्ढा खोदकर किया जा रहा निर्माण
- दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ सड़क निर्माण कार्य से

**बीजापुर, 7 अप्रैल।** जिला मुख्यालय से महज 8 किमी दूर में स्थित चिन्नाकोडेपाल गांव से प्रारंभ होकर कांदुलनार तक लंबाई 15 किमी स्वीकृत है। उक्त सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र में विकास का प्रतीक माना जा रहा था, लेकिन इस परियोजना में सामने आई भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की घटनाओं ने इसे विवादों में डाल दिया है। साथ ही, बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई ने पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव डाला है।

### निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और अनियमितताएँ

सड़क निर्माण के दौरान कई अनियमितताएँ देखने को मिलीं। ठेकेदार रवींद्र सिंह दिल्लौन द्वारा घटिया गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे सड़क बनने के कुछ ही समय बाद खराब होने लगी। निर्माण में तय मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है और निरीक्षण प्रक्रिया में भी लापरवाही बरती गई। अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण यह भ्रष्टाचार लंबे समय तक छिपा रहा।

### पेड़ों की अंधाधुंध कटाई

सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बड़ी संख्या में हरे-भरे पेड़ों को काट दिया गया। बिना अनुमति और पर्यावरणीय नियमों का पालन किए यह कटाई की गई। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई से न केवल प्राकृतिक संतुलन बिगड़ा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी गर्मी, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव झेलने पड़ रहे हैं। सड़क की खराब गुणवत्ता के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है।

### निर्माण कार्य में गुणवत्ता की नियमित निगरानी हो

सड़क निर्माण में खेतों की काली मिट्टी खोदकर ऊपर डाली जा रही है जिससे हल्की बारिश में भी कीचड़ बन जा रही है जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काली मिट्टी से बने सड़क में बाइक से फिसल कर गिर गए हैं जिससे लोगों में ठेकेदार के प्रति और विभाग के अधिकारियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

चिन्नकवाली से कांडुलनार सड़क निर्माण परियोजना में हुए भ्रष्टाचार और पर्यावरणीय क्षति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केवल विकास के नाम पर नियमों की अनदेखी नहीं की जा सकती। आवश्यक है कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखते हुए पारदर्शी और जिम्मेदार प्रणाली अपनाई जाए, ताकि जनता को सही मायनों में लाभ मिल सके। उक्त संबंध में जानकारी हेतु प्रभारी कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाय से मोबाइल पर संपर्क किया गया किंतु कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है।

### स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ा है

उक्त सड़क निर्माण नवम्बर 2021 से प्रारंभ किया जाना बताया गया है। लेकिन आज पर्यंत तक सड़क निर्माण कार्य अधूरा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पूर्व में 20 सीबीआर के माप के अनुसार मुरूमीकरण किया गया और 50 सीबीआर के अनुरूप भुगतान ठेकेदार को किया गया, जिससे शासन की करोड़ों रुपए का दुरुपयोग हुआ है और इंजीनियर ठेकेदार की मिली भगत से जनता के कर के पैसों से विकास कार्यों में लूटमारी की गई है। पूरे मामले की शासन प्रशासन से अपील है कि उक्त मामले की निष्पक्ष जाँच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## राष्ट्र सेवा में समर्पित होकर कार्य करें कार्यकर्ताः भाजपा प्रदेश महामंत्री



- भाजपा मंडल स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर (तरुण छत्तीसगढ़)।** भाजपा मंडल स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज भाजपा अटल सदन कार्यालय बीजापुर में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कार्यकर्ताओं का संबोधन भारत माता की जय उद्घोष से किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ और मंडल स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का मूलमंत्र दिया। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन का बीजापुर जिला में प्रथम आगमन पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष घासीराम नाग के द्वारा विशेष रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियर, प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वर जैन, विधानसभा प्रभारी दीपेश अरोरा, ज़िला अध्यक्ष घासीराम नाग, ज़िला महामंत्री संजय लुकड़, फूलचंद गागड़ा, सल्ला प्रताप, एरअन्ना अनमुल सहित वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के सदस्य उपस्थित रहे।

# उदय नगर में 30 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण

- जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 7 अप्रैल।** नगर पालिका परिषद कांकेर के वार्ड क्रमांक 02, उदय नगर में आज विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ गई, जब ?30 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन (सांस्कृतिक भवन) का भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। यह भवन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य प्रवर्तित मद एवं विधायक निधि के संयुक्त प्रयास से तैयार किया गया है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन में एक विशाल हॉल, मंच, सेट रूम, शौचालय तथा बाउंड्री वॉल गेट जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो वार्डवासियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगी।

उदय नगर के निवासियों के लिए यह भवन किसी वरदान से कम नहीं है। लंबे समय से वार्ड में सामुदायिक भवन के अभाव के कारण लोगों को शादी-ब्याह, सामाजिक कार्यक्रमों एवं अन्य आयोजनों के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार मजबूरी में लोगों को सड़क किनारे कार्यक्रम आयोजित करने पड़ते थे। ऐसे में इस भवन के निर्माण से उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया है। भवन की गुणवत्ता और सुविधाओं को देखकर स्थानीय लोगों ने खुशी जताई और शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ने अपने संबोधन में बताया कि इस सामुदायिक भवन की मांग सबसे पहले पूर्व पार्षद द्वारा उठाई गई थी, जिसे अब सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वय से ही इस प्रकार के विकास कार्य संभव हो पाते हैं। यह भवन न केवल वर्तमान पीढ़ी बल्कि आने वाले समय में भी क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी रहेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र पर विधायक ने तुरंत सहमति जताते हुए सामुदायिक भवन परिसर में एक नए बोरवेल के खनन की घोषणा की। इस घोषणा से क्षेत्र में जल सुविधा को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में मदद मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत किया और इसे विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। सभी ने इस विकास कार्य की सराहना की और क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में पार्षद द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही नगर पालिका परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग को भी सराहा गया, जिनकी मेहनत से यह परियोजना सफलतापूर्वक पूर्ण हो सकी।

### अवैध रेत परिवहन के मामलों में जब्त 99 वाहनों से 27 लाख 65 हजार रुपये की वसूली

**कांकेर, 7 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में वर्तमान में 15 रेत खदानें संचालित हैं, जो चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत माहुद, भर्रीटोला, भिलाई, भिरौद, करिहा, हाराडुला, बासनवाही, अरौद, और किलेपार तथा दुर्गकोंदल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भंडारडिगी, गुदुम और परभरेली में संचालित हो रही हैं। इनका संचालन ग्राम पंचायतों के आवेदन के आधार पर सरपंचों एवं स्व-सहायता समूहों को स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा जिले में 16 अस्थायी रेत भंडारण लाइसेंस भी संचालित हैं। खनिज अधिकारी श्री सनत साहू ने बताया कि रेत खनन और परिवहन किए जाने पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में से 76 लाख 62 हजार 572 रुपये की रॉयल्टी और 01 करोड़ 56 लाख 89 हजार 208 रुपये प्रीमियम के रूप में प्राप्त हुए हैं।

## शासकीय उच्च प्राथमिक शाला भिरौद में नेवता भोज से बना खुशी का माहौल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 7 अप्रैल।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला भिरौद (कक्षा 1 से 8) में 1 अप्रैल का दिन विशेष उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रधान पाठक दलेश्वरी सिन्हा के जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री सुपोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत संचालित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत एक भव्य नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि विद्यालय परिवार के बीच आपसी प्रेम, सहयोग और आत्मीयता को भी और मजबूत किया।

कार्यक्रम के दौरान पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थी, शिक्षक एवं आमंत्रित अतिथि सभी इस विशेष आयोजन का हिस्सा बने। नेवता भोज में पारंपरिक और स्वादिष्ट व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसमें बड़ा, पूड़ी, भजिया, मिक्चर, मिठाई, टमाटर की चटनी, कटहल की सब्जी, रायता, सलाद एवं पापड़ शामिल थे। सभी ने बड़े ही आनंद और उत्साह के साथ इन व्यंजनों का स्वाद लिया।

प्रधान पाठक दलेश्वरी सिन्हा ने अपने जन्मदिन को व्यक्तिगत रूप से न मनाकर विद्यालय परिवार और बच्चों के साथ साझा करने का निर्णय लिया, जो एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के साथ समय बिताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के बीच इस प्रकार के आयोजन से न केवल खुशी मिलती है, बल्कि उनमें अपनापन और विद्यालय के प्रति लगाव भी बढ़ता है।

इस आयोजन से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चे पूरे समय खुशी और उमंग से भरे रहे। शिक्षकों और अतिथियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक और अनुकरणीय कदम बताया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह होता है, जहां हर खुशी और अवसर को मिल-बांटकर मनाया जाता है।

कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक दलेश्वरी सिन्हा ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यालय के निरंतर विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इस गरिमामय अवसर पर प्रधानपाठक प्रेमसिंह नेताम, एसएमसी अध्यक्ष दिनेश सूर्यवंशी, संकुल समन्वयक कौशल मंडावी, उच्च श्रेणी शिक्षक कमलराम मंडावी, शिक्षक गणराज शोरी, गोविंद सिंह पटेल, सहायक शिक्षिकाएँ पुष्पांजलि साहू, हेमा ठाकुर, गीता कंवर, मंजू तथा एसएमसी सदस्य शारदा निषाद, कार्तिक मंडावी, राजेश चंद्रवंशी, युगल किशोर, सीमा सरोज, कमितला वट्टी, मीनू सरोज सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**जामगांव के अटल चौक पर भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर**

# भाजपा का ध्वज फहराकर किया गया राष्ट्रीय एकता का प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर 7 अप्रैल।** नरहरपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम जामगांव में आज भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। अटल चौक पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पार्टी का ध्वजारोहण किया गया और देशभक्ति के साथ-साथ संगठन की मजबूत नींव का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा का संकल्प दोहराया, जो पार्टी के मूल मंत्र और भविष्य की दिशा का प्रतीक है।

**भाजपा की यात्रा का स्मरण और आदर्श नेताओं का सम्मानः** 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से शुरू हुई इसकी यात्रा आज देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण अध्याय बन चुकी है। इस दौरान वक्ताओं ने पार्टी के पूर्व नेताओं अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का सफर न केवल चुनावी जीत का है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और देश की एकता का भी प्रतीक है। नेताओं के संघर्ष और धैर्य से प्रेरणा लेते हुए कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती का संकल्प भी व्यक्त किया।

**सर्वोपरि सेवा और समाज के हर वर्ग का ध्यान रखने का संदेशः** कार्यक्रम में 'अंत्योदय' के सिद्धांत को अपनाने और 'सेवा ही संगठन' के मंत्र को अपनाने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस आयोजन ने यह दिखाया कि भाजपा का उद्देश्य सिर्फसत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सेवा और विकास है। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों ने मिलकर संगठन की एकजुटता का संदेश दिया और देश की प्रगति के लिए अपना योगदान देने का आश्वासन भी दिया। अंत में, ÷जय जोहार÷ के नारों के साथ यह कार्यक्रम समाप्त हुआ, जो क्षेत्रीय संस्कृति और संगठन की एकता का प्रतीक रहा।

**सामाजिक और राजनीतिक हस्तियों की उपस्थिति से हुआ कार्यक्रम का गरिमा पूर्ण समापनः** ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में सरपंच भगवती उयके, मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर, संजय शोरी, नरेंद्र नाग, सरस उपाध्याय, हेमंत कौशिक, कवंल मरकाम, गौरव शोरी, कवंल नाग, भुनेश्वर नायक, महेश कौशिक, लखन यादव, आकाश चौहान, नर्सिंग कौशिक, पहाड़ सिंह पोया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे। इन नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने इस आयोजन को और भी गरिमा दी और संगठन की एकता का संदेश फैलाया। लोगों ने इसे सफल बनाते हुए पार्टी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

**भविष्य की दिशा में भाजपा का संकल्प और ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन की मजबूतीः** इस स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों ने आगामी चुनावों और संगठन के विस्तार का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल करना है।

### अब निःशुल्क अल्ट्रासाउंड से सुरक्षित प्रसव

**जगदलपुर, 7 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर के सुदूर वनांचलों और ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने एक अत्यंत मानवीय और संवेदनशील कदम उठाया है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के विशेष मार्गदर्शन में जिले की गर्भवती महिलाओं, विशेषकर हाई रिस्क प्रेगनेंसी यानी उच्च जोखिम वाले प्रसव के मामलों की सटीक पहचान के लिए अब निःशुल्क अल्ट्रासोनोग्राफी जांच की सुविधा सुनिश्चित की गई है। प्रशासन की इस सराहनीय पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि आर्थिक रूप से अक्षम परिवारों की माताओं को भी आधुनिक नैदानिक सुविधाएं मिल सके।

## एक नजर

### अवैध महुआ शराब मामले में दो लोग किए गए गिरफ्तार

**रायगढ़, 7 अप्रैल (तछसं.)।** अप्रैल सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसारए 05 अप्रैल को आबकारी वृत्त रायगढ़ उत्तर अंतर्गत शिकायत के आधार पर छापेमारी की गई। इस दौरान कुल 19.500 लीटर महुआ शराबए जिसकी अनुमानित कीमत 3900 रुपये हैए जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान पहले आरोपी दिलीप महापात्रो उम्र 51 वर्ष निवासी लोइंगए थाना चक्रधर नगर, जिला रायगढ़ के कब्जे से 08.500 लीटर महुआ शराब कीमत 1700 रुपये बरामद की गई। वहीं दूसरे आरोपी अजय यादव उम्र 32 वर्ष निवासी लोइंगए थाना चक्रधर नगरए जिला रायगढ़ के पास से 11.000 लीटर महुआ शराब कीमत 2200 रुपये जब्त की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफआबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34.2 और 59.क के तहत प्रकरण दर्ज कर क्रमशः प्रकरण कायम किया गया है। न्यायिक रिमांड पर भेजते हुए दोनों आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है। आबकारी अधिकारी ने कहा है कि अवैध शराब के कारोबार पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

### सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 10 अप्रैल तक

**रायगढ़, 7 अप्रैल ।** सेना में भर्ती के इच्छुक युवाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 10 अप्रैल तक निर्धारित है। भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in के माध्यम से अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी के विभिन्न पदों-अग्निवीर (जनरल ड्यूटी), तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन (दसवीं एवं आठवीं) तथा अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार (शिक्षा) एवं धर्म शिक्षक के पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित योग्यता के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री अजा,अजजा विद्यार्थी उत्कर्ष योजना में प्रस्ताव आमंत्रित

**रायगढ़, 7 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु ÷रूचि की अभिव्यक्ति÷ आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें बेहतर करियर चयन, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता एवं बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के अवसर प्राप्त हो सकें। योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों (जहां शाला एवं छात्रावास एक ही परिसर में स्थित हों) का चयन किया जाएगा। चयनित संस्थाओं में प्रवेशित विद्यार्थियों का समस्त मान्य शुल्क विभाग द्वारा वहन/प्रतिपूर्ति किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र संस्थाओं से ÷रूचि की अभिव्यक्ति÷ प्रारूप में प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। संस्थाओं को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप आवेदन तैयार कर प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर एवं सील के साथ प्रमाणित कर बुक बाइंडिंग करनी होगी। तैयार प्रस्ताव एक बड़े लिफाफे में जिला सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, रायगढ़ कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। लिफाफे पर विभाग का नाम एवं योजना का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक है। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2026, शाम 5 बजे निर्धारित की गई है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 16 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 7 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के तहत नवीन ग्राम पंचायत सराईपाली, तहसील पुसौर में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान की स्थापना की जानी है, जिसके संचालन हेतु इच्छुक महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति, स्थानीय निकाय से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक संस्था अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 16 अप्रैल शाम 5 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय रायगढ़ में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए 14 अप्रैल को रैली का आयोजन

**जगदलपुर, 7 अप्रैल ।** अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और जन-जागरूकता के उद्देश्य से इस वर्ष भी जिले में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भारत सरकार एवं महानिदेशक अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं मुख्यालय रायपुर के निर्देशों का पालन करते हुए आगामी 14 अप्रैल को शहर के मुख्य मार्गों से एक जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली सुबह 10 बजे स्थानीय लाल बाग मैदान से प्रारंभ होकर शहर के हृदय स्थलों जैसे कोतवाली चैक, गोल बाजार चैक, गुरु नानक चैक और संजय बाजार चैक से होकर गुजरेगी।रैली का कारवां आगे बढ़ते हुए चांदनी चैक, शहीद पार्क, जमाल मिल और माड़िया चैक जैसे व्यस्त क्षेत्रों में नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति सचेत करेगा। केन्द्रीय विद्यालय के मार्ग से होते हुए इस रैली का औपचारिक समापन दोपहर 2 बजे एनएमडीसी चैक स्थित फायर स्टेशन पर किया जाएगा।

# लैलूंगा से लद्दाख तक पहुंचा 'केलो' जैविक जवाफूल चावल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,7 अप्रैल।** लैलूंगा क्षेत्र से भेजा गया 'केलो' जैविक जवाफूल चावल लद्दाख के कारगिल जिले के गरकोन गांव तक पहुंच गया है। लद्दाख में पार्सल पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इसे खोला गया। चावल की खुशबू और गुणवत्ता ने सभी को प्रभावित किया और लोगों ने इसकी सराहना की। लद्दाखी परंपरा के अनुसार 'जुले-जुले' कहकर स्थानीय लोगों ने आभार जताया। उन्होंने कहा कि इतनी दूर से चावल मिलना उनके लिए एक अलग और खास अनुभव है। लद्दाख से साझा किए गए वीडियो में स्थानीय नागरिकों ने कहा कि ÷हम रायगढ़ जिला प्रशासन के बहुत शुक्रगुजार हैं, जिन्होंने हमारी मांग पर 'सुगंधित चावल यहां लद्दाख तक पहुंचाया। इसके लिए हम उनका विशेष धन्यवाद करते हैं।

बता दे कि कुछ समय पहले गरकोन गांव के एक उपभोक्ता द्वारा वीडियो के माध्यम से रायगढ़ जिले के लैलूंगा में उत्पादित सुगंधित चावल के प्रति रुचि व्यक्त की गई थी। इसके बाद पहल करते हुए रायगढ़ से चावल और उसके बीज पार्सल के जरिए भेजे गए। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लैलूंगा क्षेत्र में किसान सुगंधित 'जवाफूल' चावल की खेती कर रहे हैं। इसकी खेती के लिए 5 किसान उत्पादक संगठन का गठन किया गया है, जिनमें 1000 से अधिक किसान जुड़े हुए हैं और संगठित रूप से इस फसल का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 'जवाफूल' चावल के प्रचार-प्रसार के लिए यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी जानकारी साझा की जा रही है।गौरतलब है कि प्रशासन के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा इस फसल को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही किसान समूहों और एफपीओ के माध्यम से उत्पादन और विपणन को संगठित किया जा रहा है। 'केलो' जैविक जवाफूल चावल अब लैलूंगा की एक मजबूत पहचान बन चुका है। यह न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है, बल्कि क्षेत्र को नई पहचान भी दिला रहा है। जवाफूल धान की प्रमुख विशेषता इसकी प्राकृतिक सुगंध और स्वाद है, जो लैलूंगा क्षेत्र की विशेष जलवायु में विकसित होती है। 'केलो' जैविक जवाफूल चावल की मांग अब छत्तीसगढ़ से बाहर भी बढ़ रही है। बेंगलुरु, चेन्नई, तेलंगाना, लद्दाख और कारगिल जैसे क्षेत्रों में इसकी मांग देखी जा रही है।

# कारखाना अधिनियम उल्लंघन पर रायगढ़ में पांच उद्योगों पर लाखों का जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,7 अप्रैल।** जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए सतत निरीक्षण एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर श्रम न्यायालय में प्रस्तुत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने बताया कि मार्च माह में श्रम न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों में पांच औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। न्यायालय द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी को गंभीर चूक मानते हुए आर्थिक दंड लगाया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मेसर्स सिंघल स्टील एंड पावर लिमिटेड पर 4 लाख 20 हजार रुपये, मेसर्स श्याम इस्पात (इंडिया) प्रा. लि. पर 50 हजार रुपये, मेसर्स मां काली एलॉयज उद्योग प्रा. लि. पर 25 हजार रुपये, मेसर्स सुनील इस्पात एंड पावर प्रा.लि. पर 5 लाख 90 हजार रुपये तथा मेसर्स श्री रूपणाधाम स्टील प्राइवेट लिमिटेड पर 8 लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।उप संचालक ने सभी औद्योगिक इकाइयों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल, श्रम कानूनों एवं कार्यस्थल सुरक्षा उपायों का गंभीरता से पालन करें।

# महारानी अस्पताल ने जगाई कैंसर पीड़ितों में नई उम्मीद

**जगदलपुर, 7 अप्रैल ।** चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, जो न केवल शारीरिक बल्कि आर्थिक रूप से भी परिवारों को तोड़ देती है। ऐसे कठिन समय में महारानी अस्पताल और आयुष्मान भारत योजना कई परिवारों के लिए एक मसीहा बनकर उभरी है। जगदलपुर के इस चिकित्सा केंद्र से ऐसी कई कहानियाँ सामने आ रही हैं, जहाँ आर्थिक तंगी से जूझ रहे मरीज अब नई उम्मीद के साथ अपनी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

किराना दुकान चलाने वाली अनीता महावर की कहानी साहस और संघर्ष की एक मिसाल है। चैथे चरण के कैंसर से जूझ रही अनीता ने अपने शुरुआती इलाज के लिए हैदराबाद का रुख किया था, जहाँ ऑपरेशन और अन्य प्रक्रियाओं में उनके जीवन की जमा-पूंजी के लगभग 20 से 25 लाख रुपये खर्च हो गए। इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद जब आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक हो गई, तब आयुष्मान कार्ड उनके लिए सहारा बनी। पिछले दो वर्षों से वे जगदलपुर में ही अपना इलाज करा रही हैं और उनका मानना है कि यहाँ मिल रही निःशुल्क दवाओं और डॉक्टरों के समर्पण ने उन्हें मानसिक रूप से और भी मजबूत बना दिया है। अब वे बीमारी के डर को पीछे छोड़कर एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपनी जीवन यात्रा को आगे बढ़ा रही हैं।इसी अस्पताल में उपचाराधीन एक ऑटो चालक की पत्नी गौरी मिश्रा के लिए भी यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। एक साधारण आय वाले परिवार के लिए निजी अस्पतालों का भारी-भरकम खर्च उठाना लगभग असंभव था।

# राजस्व पखवाड़ा में अब तक 500 से अधिक प्रकरणों का निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,7 अप्रैल।** जिले में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायतवार तिथियां निर्धारित कर गांव-गांव में शिविरों का सुव्यवस्थित आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल रही है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार एवं निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिविरों को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं परिणाममुखी तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

अब तक जिले की सभी तहसीलों में 94 से अधिक शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जिनसे बड़ी संख्या में आवेदनों का मौके पर निराकरण सुनिश्चित हुआ है। राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत अब तक कुल 893 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 500 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। प्राप्त आवेदनों में नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, आरबीसी 6-4, आय-जाति-निवास, खसरा, नक्शा, अभिलेख शुद्धता, आधार एवं मोबाइल नंबर प्रविष्टि तथा महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवाईसी से जुड़े प्रकरण शामिल हैं।

राजस्व पखवाड़ा अभियान तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है-प्रथम चरण 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, द्वितीय चरण 04 मई से 18 मई तथा तृतीय चरण 01 जून से 15 जून 2026 तक आयोजित होगा। अभियान के तहत विभिन्न राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। शिविरों में आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन की ऑनलाइन प्रविष्टि लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से की जा रही है तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यह अभियान आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने के साथ ही प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बना रहा है।

# रायगढ़ जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,7 अप्रैल।** जिले में बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य और उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से संचालित एचपीवी टीकाकरण का विस्तार किया गया है, जिससे अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की बालिकाओं को उनके घर के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर ही सुरक्षा कवच उपलब्ध हो पा रहा है। इसी कड़ी में आज विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित टीकाकरण सत्रों के दौरान कुल 63 बालिकाओं को वैक्सीन की खुराक दी गई, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में सर्वाधिक 34 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक इस सुविधा का लाभ उठाया।

अभियान के तहत अब जिले के ग्यारह प्रमुख केंद्रों में टीकाकरण सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें रायगढ़ शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों के लिए किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभाठा में विशेष व्यवस्था की गई है। ग्रामीण अंचलों और अन्य विकासखंडों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कापू, सिविल अस्पताल धरमजयगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चपले, सिविल अस्पताल खरसिया, लैलूंगा के राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोइंग एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार में यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सभी निर्धारित केंद्रों पर टीकाकरण का समय प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक तय किया गया है, ताकि अधिक से अधिक हितग्राही अपनी सुविधानुसार पहुँच सकें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि अभियान के तहत मुख्य रूप से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) से बचाव के लिए निःशुल्क वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से जिले के शासकीय स्कूलों, आश्रमों, छात्रावासों एवं दूरस्थ अंचलों में निवासरत बालिकाओं को विशेष रूप से लाभान्वित किया जाएगा। एचपीवी वैक्सीन बालिकाओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरों से सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है और कम उम्र में यह टीकाकरण इस बीमारी के जोखिम को काफी हद तक कम कर देता है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों के स्वस्थ और सुरक्षित कल के लिए उनका आधार कार्ड लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुँचें और समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।

## समाचार संक्षेप

### सरोना मंडल के सभी बूथों में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**कांकेर,7 अप्रैल (तछसं.) ।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन तथा जिला अध्यक्ष श्री महेश जैन के मार्गदर्शन में सरोना मंडल में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल प्रभारी डॉक्टर देवेंद्र साहू के दिशा-निर्देश और मंडल अध्यक्ष श्री टेकेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रमों का उद्देश्य संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना रहा।

**57 बूथों पर एक साथ शक्ति प्रदर्शन-** सरोना मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी 57 बूथों पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा ने अपने संगठनात्मक ढांचे की मजबूती का परिचय दिया। कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों में पार्टी का ध्वज लगाकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को प्रदर्शित किया। इस सामूहिक सहभागिता ने यह स्पष्ट कर दिया कि बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत है और कार्यकर्ता पूरी तरह सक्रिय हैं।

**संगोष्ठी में गूंजा राष्ट्रवाद और विचारधारा का स्वर-** मंडल मुख्यालय सरोना में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में पार्टी की विचारधारा, इतिहास, संघर्ष और उपलब्धियों को विभिन्न वक्ताओं द्वारा विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया। मंडल अध्यक्ष श्री टेकेश्वर सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त अभियान है। उन्होंने राष्ट्रवाद की भावना और संगठन की कार्यप्रणाली पर विशेष प्रकाश डाला।

**वरिष्ठ नेताओं ने रखे अपने विचार, युवाओं को मिला संदेश-** कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने पार्टी की संघर्षमयी यात्रा और सिद्धांतों के प्रति अडिग रहने की परंपरा को रेखांकित किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा युवाओं को नेतृत्व का मंच प्रदान करती है। पूर्व जिला मंत्री हीरा मरकाम ने संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक विस्तार में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस दौरान अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम और अधिक प्रभावशाली बना।

**संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प-** कार्यक्रम के अंत में मंडल महामंत्री किशोर भास्कर द्वारा सफल संचालन किया गया तथा मंडल महामंत्री कन्हैया नेताम ने आभार व्यक्त करते हुए समापन किया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे। साथ ही हर स्तर पर कमल को विजय दिलाने हेतु पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# जनदर्शनः कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं, कई प्रकरणों का मौके पर निराकरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,7 अप्रैल।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आज आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में आमजन की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जहां लोगों ने शासन-प्रशासन से सीधे संवाद कर अपनी समस्याएं रखीं। जनदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री आवास, शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, अनुकंपा नियुक्ति, महतारी वंदन योजना, आर्थिक सहायता, आधार सुविधा केंद्र, सौर विद्युतीकरण, पशुधन के लिए चारा, फौती नामांतरण, सीमांकन, पेंशन एवं भूमिहीनों के लिए आर्थिक सहायता जैसे विविध विषयों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जनदर्शन में पहुंचे प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कई प्रकरणों में तत्काल पहल करते हुए मौके पर ही समाधान भी किया, जिससे आवेदकों को त्वरित राहत मिली। शेष प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।जनदर्शन में नगर पालिक निगम रायगढ़ सहित बेहरापाली, विजयनगर, पुसौर, औरदा, कोतरा, सहसपुरी, खरसिया आदि क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निराकरण नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**महासमुंद,7 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज सुबह 10:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेबैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए कलेक्टर ने सभी विभागों को आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विस्तृत वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग अपने लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करे।

# भाजपा स्थापना दिवस पर संगठन की मजबूती का संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर,7 अप्रैल।** भाजपा मंडल नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरनपुर के बूथ स्तर पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस श्रद्धा, उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं महापुरुषों के छायाचित्र पर विधिवत पूजा-अर्चना कर की गई, जिसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित और संगठन के प्रति समर्पण का भाव प्रकट किया।

स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दीं और पार्टी के गौरवशाली इतिहास को याद किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जनसंघ काल से लेकर वर्तमान तक के सफर पर विस्तार से चर्चा की गई तथा पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों और उपलब्धियों को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता मुकेश संचेती ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त संगठन है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने स्थापना काल से ही देशहित, अंत्योदय और गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में उभर रहा है।उन्होंने केंद्र और राज्य में चल रही डबल इंजन सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ तेजी से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत अभियान जैसी पहल ने समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुकेश संचेती ने आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो निस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र की सेवा में लगे रहते हैं। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाना ही पार्टी की सफलता का आधार है।बैठक के दौरान बिरनपुर बूथ को और अधिक सशक्त बनाने, संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने और जनता के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में सरपंच शहसत्रअर्जुन वट्टी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहन साहू, सुषमा अटभैया, पूर्व उपसरपंच धनेश नेताम, युवा मोर्चा अध्यक्ष रामेश्वर साहू, महमूद अली, पंकज सिन्हा, गैंदाराम नेताम, नरेंद्र कोडोपी, बिरझी बाई नेताम, विद्या कुंजाम, जागेश्वर नेताम, राजेंद्र मरकाम, दिनेश नेताम, शंकर कोडोपी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एक नजर**

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लें: सीएम साय

**रायपुर, 7 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विश्व स्वास्थ्य दिवस (7 अप्रैल) के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। यह दिवस न केवल स्वास्थ्य से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने का अवसर है, बल्कि अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का भी संदेश देता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान - ये तीनों स्वस्थ जीवन के मूल आधार हैं। यदि हम अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे सुधार करें, तो बड़े स्तर पर सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के लिए सतत प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे स्वयं स्वस्थ रहने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाएँ, ताकि एक स्वस्थ, सक्षम और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

### उत्कृष्ट आवासीय शिक्षण संस्थानों के इम्पैनलमेंट के लिए 'रूचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित

**बालोद, 7 अप्रैल।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना 2026-27 के क्रियान्वयन अंतर्गत उत्कृष्ट आवासीय शिक्षण संस्थानों के इम्पैनलमेंट हेतु 'रूचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, नई सोच के साथ बेहतर कैरियर चयन का अवसर प्रदान करते हुए प्रतिस्पर्धी बनाना तथा बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर प्रदान करना है। इस योजना अंतर्गत विद्यार्थी को कक्षा 06वीं से 12वीं तक छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित उत्कृष्ट आवासीय विद्यालय को विभाग द्वारा निर्धारित मान्य शुल्क की प्रतिपूर्ति किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले से संबंधित समस्त प्रस्ताव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कार्यालय में 23 अप्रैल 2026 को शाम 05 बजे तक जमा करना अनिवार्य है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी वेबसाईट https://tribal.cg.gov.in/ से प्राप्त कर सकते हैं।

### ट्रैफिक का दबाव कम करने और तेज यातायात के लिए बनाई जाएंगी 9 बायपास सड़कें

**रायपुर 7 अप्रैल।** मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम करने तथा तेज व सुव्यवस्थित यातायात के लिए लोक निर्माण विभाग ने हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में नौ बायपास सड़कों के लिए कुल 448 करोड़ 13 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने स्थानीय लोगों की मांगों व जरूरतों को देखते हुए इन बायपास सड़कों के लिए प्राथमिकता से राशि मंजूर करने के निर्देश दिए थे। लोक निर्माण विभाग द्वारा रायगढ़ जिले में तमनार बायपास मार्ग के लिए 152 करोड़ 17 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से 6 किमी बायपास सड़क का निर्माण किया जाएगा। विभाग ने रायगढ़ शहर में रिंग रोड (बायपास मार्ग) के लिए 70 करोड़ 47 लाख रुपए मंजूर किए हैं। खरसिया के बायपास क्रमांक-3 कबीर चौक से डभरा रोड तक 2 किमी सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए भी 7 करोड़ 22 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। विभाग ने धमतरी जिले में 4 किमी लंबाई के भखारा बायपास के लिए 14 करोड़ 94 लाख रुपए तथा 1.50 किमी लंबाई के नारी बायपास मार्ग के लिए 7 करोड़ 97 लाख रुपए मंजूर किए हैं। बलौदाबाजार में लटुवा, पनगांव होते हुए 15 किमी लंबे बलौदाबाजार बायपास सड़क के लिए 88 करोड़ 68 लाख रुपए एवं 7 किमी लंबे रिसदा बायपास मार्ग के लिए 20 करोड़ 99 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग ने बिलासपुर में 13.40 किमी कोनी-मोपका फोरलेन बायपास मार्ग के लिए 82 करोड़ 80 लाख रुपए तथा बेमेतरा जिले में 1.20 किमी कांक्रीटीकृत छिरहा बायपास सड़क के लिए 2 करोड़ 89 लाख रुपए की भी मंजूरी दी है। राज्य शासन शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में निर्बाध, तेज और सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# 5 चेन माउंटेन मशीन व 4 हाईवा ट्रकों पर कार्रवाई के बाद भी हो रहा अवैध रेत उत्खनन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा 7 अप्रैल।** चारामा विकासखंड अंतर्गत आने वाली महानदी की सभी रेत खदानें फिलहाल खनिज विभाग के नियंत्रण से बाहर होती नजर आ रही है। यहां की इन रेत खदानों पर खनन माफिया नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के बनाए नियमों को दरकिनार कर अपने कायदे कानून के अनुसार बेखौफ़होकर चला रहे हैं। इन्हें न तो खनिज विभाग के किसी अधिकारी व उनकी कार्यवाही का डर है और न ही किसी की परवाह। सूत्रों से तो ये भी खबर मिल रही है कि यहां की अधिकांश रेत खदानों पर बाहर से आए हुए गुण्डे तैनात किए गए हैं। जो कि रेत खदान को नियम से चलाने की बात रखने वाले लोगों के उपर हावी होकर उन्हें डराने धमकाने व निबटा देने तक के लिए तैयार होते हैं। रेत खदानों में रहने वाले ऐसे बाहरी तत्वों का शायद पुलिस के पास मे भी कोई ठोस रिकार्ड उपलब्ध नही है और न ही ऐसे बाहरी लोगों की मुसाफिरी दर्ज की जा रही है। पुलिस की ऐसी चूक से यहां के लोगों को किसी दिन बड़ा नुकसान हो सकता है। ये बात शायद बहुत गंभीर है लेकिन बात कानून व्यवस्था की है इसलिए इस पर गंभीरता से विचार करने की भी आवश्यकता है। राजनितिक दलों व ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद खनिज विभाग ने विगत 5 अप्रेल को चारामा ब्लॉक के लगभग आधा दर्जन रेत खदानों पर छापेमारी करते हुए ग्राम माहुद, भिलाई, तेलगुड़ा व भिरौद की रेत खदानों से प्रतिबंधित 5 चेन माउंटेन मशीनों को जप्त कर कार्यवाही की है। वहीं ग्राम करिहा व ग्राम अरौद की रेत खदान से बिना परिवहन पास के रेत परिवहन करने वाली 4 हाईवा ट्रकों पर भी कार्यवाही की गई है। जिसके बाद भी रेत माफिया कार्यवाही की परवाह किए बिना ही बाकि सभी रेत खदानों पर बेखौफ़होकर अभी भी चेन माउंटेन मशीनों से रेत उत्खनन करने मे लगे हुए हैं। जिससे पता लगाया जा सकता है कि यहां पर रेत तस्करों के लिए कानून बिल्कुल बेअसर है और उनके हौंसले कितने बुलंद हैं।




# महिलाओं के मोबाइल की फिर बजी घंटी महतारी वंदन की 26वीं किश्त जारी

- 68.48 लाख महिलाओं के खाते में ट्रांसफर हुए 641.62 करोड़ रुपए
- हितग्राही महिलाओं को अब तक 16,240 करोड़ की मदद



**रायपुर,7 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए संचालित महतारी वंदन योजना की 26वीं किश्त की राशि आज जारी की गई। इसके जारी होते ही हितग्राही महिलाओं के मोबाईल में खुशियों के नोटिफिकेशन की घंटी बज उठी। इस योजना के तहत राज्य की 68 लाख 48 हजार 899 महिलाओं को 641 करोड़ 62 लाख 92 हजार रूपए उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। लाभान्वित हितग्राहियों में 7773 महिलाएं नियद नेल्ला नार के योजना के गांवों की रहने वाली है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करने के लिए और महिलाओं की बेहतरी के लिए यह योजना मार्च 2024 में शुरू की गई थी। तब से लेकर अब तक हर महीने हितग्राही महिलाओं को एक-एक हजार रूपए की सहायता राशि नियमित रूप से दी जा रही है। इस योजना के तहत अब तक हितग्राही महिलाओं को 16,881 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गौरतलब है कि इस योजना के अंतर्गत हितग्राही महिलाओं के केवाईसी पूरा किए जाने का काम भी तेजी से कराया जा रहा है। केवाईसी के अद्यतन की यह प्रक्रिया ई-गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड के माध्यम से 3 अप्रैल से शुरू की गई है, जो 30 जून तक चलेगी। व्हीएलई द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत भवन में तथा शहरी क्षेत्र में वार्ड कार्यालय में केवाईसी अद्यतन का कार्य हो रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने महतारी वंदन योजना की ऐसी हितग्राही महिलाओं से जिनका ई-केवाईसी नहीं हुआ है, उनसे तत्काल ई-केवाईसी कराने की अपील की है ताकि योजना की सहायता राशि बिना किसी व्यवधान के उनके खाते में पहुंच सके।

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की संख्या 68,94,633 है, जिसमें से केवाईसी हेतु लंबित हितग्राहियों को छोड़कर 68,48,899 हितग्राहियों को 26वीं किश्त का भुगतान किया गया है।

## दल्ली चौक में बुजुर्ग को पड़ा मिर्गी का दौरा, विधिक सेवा प्राधिकरण ने पहुँचाया अस्पताल



**बालोद, 7 अप्रैल।** जिले के दल्ली चैक क्षेत्र में एक संवेदनशील मामला सामने आया, जहाँ ग्राम करहीभदर निवासी 68 वर्षीय केवल दास मानिकपुरी को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़े। इस दौरान मौके पर मौजूद विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत राहत कार्य शुरू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केवल दास मानिकपुरी दल्ली चैक से गुजर रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची और बिना देर किए उन्हें प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई। इसके बाद विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें जिला अस्पताल बालोद पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, उन्हें मिर्गी (एपिलेप्सी) का दौरा पड़ा था, जिसके कारण वे बेहोश होकर गिर गए थे। इस पूरी घटना को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की असंगठित एवं कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं आपात सहायता के अंतर्गत देखा जा रहा है। नालसा के दिशा-निर्देशों के अनुसार बुजुर्ग, गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को न केवल कानूनी सलाह बल्कि जरूरत पड़ने पर त्वरित सहायता, चिकित्सा सहयोग एवं संरक्षण प्रदान किया जाता है। विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद, बुजुर्ग एवं असहाय लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करना है। इस घटना में भी प्राधिकरण की सक्रियता के कारण समय पर उपचार मिल सका, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। अस्पताल में इलाज के दौरान भी विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि लगातार मरीज की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आवश्यकतानुसार आगे भी सहायता प्रदान की जाएगी। इस सराहनीय पहल के लिए क्षेत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की जा रही है। यह घटना दर्शाती है कि आपात स्थिति में संस्थाओं की सक्रिय भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है।

## कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

> **आवेदकों की मांगों एव समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

**बालोद, 7 अप्रैल।** संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुँचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोरर की पवारा बाई ने भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का लाभ दिलाने, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सहगांव के सरपंच ने गांव में विद्युत पोल सुधारने, ग्राम पिरीद के प्रीतम कुमार एवं नीना साहू ने जॉब कार्ड बनाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह ग्राम चीचा की लक्ष्मी बाई एवं ग्राम सोरर की संजू बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा ग्राम खुंदनी के बंशीलाल ने वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुँचे थे। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। श्रीमती मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुँचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने लिंगाडीह में मखाना सेंटर का किया अवलोकन

**रायपुर,7 अप्रैल।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम आज रायपुर जिले अंतर्गत आरंग के लिंगाडीह में मखाना सेंटर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि रायपुर, धमतरी, गरियाबंद और बालोद क्षेत्र सहित प्रदेश में मखाना की खेती की संभावना अत्यधिक है। उन्होंने मखाना उत्पादन क्षेत्रों व जिलों को सर्किट के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने मखाना खेती के विस्तार की संभावनाओं की जानकारी ली और कहा कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को मखाना हब के रूप में विकसित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंत्री को जानकारी दी कि आरंग क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में लगभग 50 से 60 हेक्टेयर क्षेत्र में मखाना की खेती की जा रही है, जहां ग्रेड-6 गुणवत्ता का मखाना उत्पादन हो रहा है। इसकी बाजार में अच्छी मांग होने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है।

मंत्री श्री नेताम ने बताया कि मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रायपुर, धमतरी, गरियाबंद एवं बालोद जिलों को जोड़ते हुए मखाना सर्किट के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके माध्यम से उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण एवं विपणन की समेकित व्यवस्था तैयार की जाएगी, जिससे किसानों को बेहतर बाजार और उचित मूल्य मिल सके।

दौरे के दौरान मंत्री ने मखाना सेंटर में तैयार उत्पादों का अवलोकन किया तथा स्वयं मखाना चखकर उसकी गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वैज्ञानिक पद्धति से खेती, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा आधुनिक प्रसंस्करण इकाइयों के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जाए।

मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कृषि विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, खाद्य प्रसंस्करण एवं मिलेट्स और पारंपरिक फसलों को बढ़ावा देने हेतु संचालित योजनाओं का लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर गठित मखाना बोर्ड की योजनाओं से राज्य के किसानों को जोड़ते हुए तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण एवं विपणन सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार के समन्वित प्रयासों से मखाना किसानों के लिए आय का नया विकल्प बनेगी और छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख मखाना उत्पादक राज्यों में शामिल होगा।

कृषि मंत्री श्री नेताम ने आज रायपुर जिले के खरोरा क्षेत्र अंतर्गत मधेपुरा एवं बुढ़ेरा ग्राम के दौरे पर भी पहुंचे। उन्होंने कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों का अवलोकन कर आधुनिक तकनीकों के उपयोग से उत्पादन एवं किसानों की आय बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को नवाचार आधारित कृषि मॉडल को गांव-गांव तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

मंत्री ने टिशू कल्चर लैब का अवलोकन कर केला, सागौन, बांस एवं अन्य पौधों के उन्नत उत्पादन की प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य बीज विकास निगम के कॉमन फैसिलिटी सेंटर में पशु आहार, पोल्ट्री फीड, मत्स्य आहार एवं मिलेट्स आधारित उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने मूल्य संवर्धन एवं कृषि आधारित उद्योगों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



**रायपुर 7 अप्रैल।** छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर एनएसयूआई का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन, पं. रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय का घेराव; प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं शामिल हुए।

# सभी विभाग प्रमुख 'आई गोट कर्मयोगी पोर्टल' में अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों का शत प्रतिशत ऑनबोर्डिंग कराना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 7 अप्रैल।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को भारत सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के कार्यक्षमता, जवाबदेही और नागरिक केन्द्रित सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई 'आई गोट कर्मयोगी' पोर्टल में अपने अधीनस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारियों का अनिवार्य रूप से ऑनबोर्डिंग कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों के वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए उन्हें आई गोट कर्मयोगी पोर्टल में ऑनबोर्डिंग कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अधिकारी-कर्मचारियों के वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में भी इसकी जानकारी अंकित की जाएगी। श्रीमती मिश्रा ने जिले के सभी



अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित तिथि 15 अप्रैल के पूर्व आईगोट कर्मयोगी पोर्टल में अनिवार्य रूप से ऑनबोर्डिंग कराने को कहा। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने जिले में प्रगतिरत निर्माण कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में शत प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी स्थिति में समझौता नही किया जाएगा। कलेक्टर ने गुणवत्ताविहीन कार्य पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक एवं श्री नूतन कंवर सहित संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष तथा राजस्व अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से जिले में मौजूदा शिक्षा सत्र से प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ करने हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने फ्लिहाल दल्लीराजहरा के बीएसपी स्कूल क्रमांक 02 में बालक छात्रावास एवं विद्यालय का संचालन तथा बीएसपी स्कूल क्रमांक 30 में कन्या छात्रावास के संचालन हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं एसडीएम डौण्डी को समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जिले में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले में तेजी से घटते भूजल स्तर को देखते हुए किसी भी स्थिति में कृषि प्रायोजन हेतु बोर खनन के लिए अनुमति नही देने के निर्देश दिए हैं। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने जिले में खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन एवं उत्खनन पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के द्वारा की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने तथा खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन एवं उत्खनन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### कसनिया में 33/11 केवी नवनिर्मित विद्युत उपकेंद्र प्रारंभ

**रायपुर, 7 अप्रैल।** प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कटघोरा के कसनिया में नवनिर्मित 33/11 केवी उपकेंद्र का आज विधिवत लोकार्पण किया गया। वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम, सार्वजनिक उपक्रम तथा आबकारी मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने उपकेंद्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर सहित वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह उपकेंद्र 1 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया गया है तथा इसकी स्थापित क्षमता 3.15 एमवीए है। उपकेंद्र के प्रारंभ होने से कटघोरा, कापूबहरा, सुतर्रा, मोहनपुर, अमरपुर, घूँचापुर, दादर, लखनपुर, राल सहित कटघोरा नगर के 4 वार्डों के लगभग 5,000 से अधिक उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं स्थिर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. e-202602101200043 /अ-6/ वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका सीमा निर्मलकर पति ओमकार निर्मलकर निवासी सुभाष चौक बोरसी के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम अण्डा प.ह.न. 32 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 109/4 रकबा 1058 वर्गफीट हे. भूमि को भूमिस्वामी पूजा निर्मलकर पति अश्वन कुमार निवासी बधेली बालोद से दानपत्र के आधार पर प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि को आवेदक अपने नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/04/26 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16/03/26 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202604095300003 ब-121 वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक युवराज वर्मा पिता नरेश वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम सलोनी तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने स्वयं का दिनांक 06/11/2005 को ग्राम सलोनी में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने स्वयं का दिनांक 06/11/2005 को ग्राम पंचायत सलोनी में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 20/04/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

# धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पर जल्द फैसला : विजय शर्मा



**रायपुर, 7 अप्रैल।** धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पर राज्यपाल रमेन डेका जल्द ही हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसका संकेत डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दिया है। उन्होंने कहा, राज्यपाल स्वयं ही चिंतनशील है। मैं समझता हूं हम और आप अभी बात कर रहे, हो सकता है इस पर हस्ताक्षर हो गया हो।

नक्सल मुक्त होने के बाद मुख्यमंत्री की दिल्ली में बैठक होगी। इस मामले में गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री का दिल्ली प्रवास है और उसमें छत्तीसगढ़ को लेकर विस्तृत चर्चा होगी। नक्सलवाद समाप्त हुआ है उसके बाद यह बैठक हो रही है। धर्म स्वातंत्र्य नियम को लेकर भी चर्चा होगी। बस्तर में विकास हो रहा है, स्कूल खुलते जा रहे हैं, इस पर विजय शर्मा ने कहा, बस्तर में बहुत सारा काम होना शेष है। समाज भी चिंतनशील है। बस्तर का तेजी से विकास होगा। पश्चिम बंगाल को लेकर डीसीएम विजय शर्मा ने कहा, पश्चिम बंगाल में बीजेपी की सरकार बनकर आ रही है। जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है। इस बार पश्चिम बंगाल में टीएमसी को जनता उखाड़ कर फेंकने वाली है। बस्तर क्षेत्र से फोर्स को वापस भेजने के कांग्रेस की बात पर शर्मा ने कहा, अगर कोई मुद्दा हो तो बिल्कुल उठाएं। सवाल करें, पर बस्तर एक सेंसेटिव मामला है। हाथ जोड़कर विनती है कि अफवाह ना फैलाएं। सालों बाद बस्तर नक्सलमुक्त हुआ है।बस्तर में सावधानी बरतनी होगी। अचानक से फोर्स वापस नहीं भेज सकते।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस: स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लें : सीएम

**रायपुर, 7 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। यह दिवस न केवल स्वास्थ्य से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने का अवसर है, बल्कि अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का भी संदेश देता है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान - ये तीनों स्वस्थ जीवन के मूल आधार हैं। यदि हम अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे सुधार करें, तो बड़े स्तर पर सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के लिए सतत प्रयासरत है।

## कार्यकर्ता पार्टी का आधार होता है : साय

**रायपुर, 7 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया है कि भाजपा का कार्यकर्ता कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी के द्वारा सौंपे गए दायित्व को पूरी ईमानदारी से समयबद्ध तरीके से पूरा करते हैं। साय ने सोमवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में रायपुर शहर जिला भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पार्टी का आधार है प्रत्येक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित होती है।

भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया। रायपुर शहर जिले के कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि भाजपा स्थापना दिवस को लेकर विभिन्न कार्यक्रम पार्टी द्वारा तय किए गए हैं जिनमें एक महत्वपूर्ण



कार्यक्रम कार्यकर्ता सम्मेलन भी है। भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा कार्यक्रम की तैयारी 5 अप्रैल से ही कर दी गई थी और एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय को तोरण पताका से सजाया गया था। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता कठोर परिश्रम और निष्ठा से उन कार्यों को पूरा करते हैं इसीलिए भारतीय जनता पार्टी पार्टी विद डिफरेंट है।

### एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने निकली छग की बेटी को मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 7 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जांजगीर–चांपा जिले की युवा पर्वतारोही सुश्री अमिता श्रीवास को उनके आगामी माउंट एवरेस्ट अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में पर्वतारोही सुश्री अमिता श्रीवास से मुलाकात के दौरान कहा कि आगामी 9 अप्रैल को सुश्री अमिता विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने के संकल्प के साथ काठमांडू के लिए रवाना हो रही हैं। यह केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि की यात्रा नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की आकांक्षाओं, साहस और आत्मविश्वास की ऊंची उड़ान है। उन्होंने कहा कि अमिता का यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि यदि संकल्प अटल हो, तो कोई भी ऊंचाई असंभव नहीं रहती।

## एक नजर

### जल संसाधन विभाग में बड़ा फेरबदल

**रायपुर, 7 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 6 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इस संबंध में मंत्रालय, नया रायपुर से 6 अप्रैल 2026 को आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, मनीष कुम्भार को मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, रायपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, शंकर राव सोनवने को मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना, बिलासपुर में मुख्य अभियंता बनाया गया है। इसी तरह जितेंद्र कुमार नेताम को हसदेव कछार, बिलासपुर, एलेक्जेंडर ग्राहम को गोदावरी कछार, जगदलपुर, अनिल कुमार खलको को हसदेव गंगा कछार, अंबिकापुर और सतीश कुमार टेंकम को महानदी–गोदावरी कछार, रायपुर में मुख्य अभियंता पद की जिम्मेदारी दी गई है।

### सीजीपीएससी की परीक्षा को लेकर आयोग और सरकार गंभीर नहीं

**रायपुर, 7 अप्रैल।** सीजीपीएससी परीक्षा को लेकर सरकार और आयोग गंभीर नहीं है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि चुनाव के समय राज्य लोकसेवा आयोग की परीक्षा को संघ लोकसेवा आयोग की तर्ज पर कराने का दावा करने वाली भाजपा सरकार राज्य लोकसेवा आयोग की परीक्षा की समय सारणी व्यवस्थित नहीं बनावा पा रही है। परीक्षार्थियों को प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा में मात्र 51 दिन का ही अंतराल दिया गया है जबकि पिछले वर्ष यह 104 दिन का था। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष राज्य सेवा परीक्षा के प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम 25 मार्च 2026 को जारी किया गया और मुख्य परीक्षा 16, 17, 18, 19 मई 2026 को आयोजित की जाने वाली है तो क्या वजह की अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए इतना कम समय मात्र 51 दिन का समय दिया गया है जबकि पिछले वर्ष के राज्य सेवा परीक्षा के प्रारम्भिक परीक्षा के परिणाम और मुख्य परीक्षा के बीच 104 दिन का गैप पीएससी परीक्षा दिलाने वाले अभ्यर्थियों को दिया गया था। इसके पीछे क्या वजह है? क्या युवाओं का हितैषी होने की दावा करने वाले सरकार बताएगी? क्या छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग अध्यक्ष कारण बतायेंगे?

### कानून व्यवस्था सुधारने में सरकार असफल : शुक्ला

**रायपुर, 7 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार दो साल में राज्य की कानून व्यवस्था सुधार पाने में पूरी तरह विफल साबित हो चुकी है। लूट, हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी, नशे की तस्करी जैसे अपराधों के कारण प्रदेश का आम आदमी असुरक्षित महसूस कर रहा, बढ़ती घटनाओं के कारण हो रही



बदनामी को रोकने और अपना रिकार्ड सही बताने के लिए एफआईआर दर्ज नहीं करना जनता पर अत्याचार है। इसके पहले भी जब रमन सरकार थी, तब भी सरकार ने महिलाओं के अपहरण के मामले एवं गुमशुदी के मामले पर एफआईआर करना बंद करवा दिया था। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कानून के अनुसार एफआईआर दर्ज करना पुलिस की बाध्यता है जिस मामले में एफआईआर नहीं किया जा सकता उसमें थाने से कोर्ट जाने के लिए परिवाद दायर करने की लिखित सलाह दी जानी चाहिए। प्रदेश में तो सरकार के दबाव में पुलिस फरियादी को वापस लौटा रही है।

# जुए के हाई प्रोफाइल फड़ का पर्दाफाश

## मर्सिडीज कार, आईफोन और लाखों रुपये बरामद

**रायपुर, 7 अप्रैल।** राजधानी रायपुर की ग्रामीण पुलिस ने जुआरियों के खिलाफएक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हाई-प्रोफाइल जुआ फड़ का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो रईसजादों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से मर्सिडीज जैसी लग्जरी कार, महंगे आईफोन और लाखों रुपये की नगदी बरामद की गई है। जब्त किए गए कुल सामान की कीमत करीब 42 लाख 14 हजार रुपये बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रायपुर ग्रामीण और धमतरी जिले की सीमा पर स्थित ग्राम टोकरो के पास खेतों के बीच बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसपी नवा रायपुर के नेतृत्व में अभनपुर पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सोमवार रात बताए गए स्थान पर अचानक दबिश दी।

रेड के दौरान जुआरियों में हड़कंप मच गया। अंधेरे और खेतों का फायदा उठाकर कई लोग भागने में सफल रहे। हालांकि, पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी की और दो आरोपियों को मौके पर ही धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राहुल सिंह (34 वर्ष, निवासी भिलाई) और रितेश कुमार (36 वर्ष, निवासी तेलीबांधा, रायपुर) के रूप में



हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से एक सफेद रंग की मर्सिडीज कार बरामद की। इसके अलावा आरोपियों के पास से दो आईफोन और ताश की गड्डी मिली। जुआ फड़ से पुलिस ने कुल 6 लाख 34 हजार रुपये की नगद राशि भी बरामद की है। अभनपुर पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब फरार आरोपियों की पहचान करने के लिए तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय इनपुट का सहारा ले रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# स्थापना दिवस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यालय में फहराया पार्टी का ध्वज

## अंत्योदय के संकल्प के साथ विकसित भारत की ओर अग्रसर भाजपा : सांसद

**रायपुर 6 अप्रैल।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर अपने कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समस्त देशवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी और आज यह विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुका है। उन्होंने स्मरण किया कि उस समय भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को पार्टी का प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था। मुंबई में आयोजित पहले अधिवेशन में अटल जी द्वारा दिया गया उद्घोष– अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा–आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूर्णतः साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 'अंत्योदय' के संकल्प के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्ष 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के नेतृत्व में स्थापित जनसंघ के जिन उद्देश्यों को लेकर यात्रा प्रारंभ हुई थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी के



मार्गदर्शन में साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना हो या धारा 370 का उन्मूलन कर देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाना– ये सभी ऐतिहासिक निर्णय भाजपा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण हैं। भाजपा सरकार गरीब, युवा, महिला, किसान और मजदूर–समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

# वॉलीबॉल स्पर्धा: पुरुष में उत्तरप्रदेश महिला वर्ग में राजस्थान चैंपियन



**रायपुर, 7 अप्रैल।** महादेव घाट स्थित हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल मैदान में आयोजित 5वीं अखिल भारतीय वॉलीबॉल स्पर्धा 2026 के पुरुष वर्ग के खिताब पर उत्तरप्रदेश और महिला वर्ग में राजस्थान ने खिताब पर कब्जा जमाया।

तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुष और महिला वर्ग का फाइनल मैच खेला गया। महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला राजस्थान और रायपुर के बीच खेला गया। राजस्थान की टीम ने रायपुर को लगातार तीन सेटों में 3-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। राजस्थान की महिला खिलाड़ियों ने पूरे मैच में शानदार तालमेल, मजबूत डिफेंस और प्रभावशाली आक्रमण का परिचय दिया। मुकाबले में राजस्थान ने पहले सेट को 25-09, दूसरे सेट को 25-15 और तीसरे सेट को 25-07 से जीतते हुए एकतरफा मैच अपने नाम किया। इस तरह राजस्थान की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं रायपुर की टीम उपविजेता रही।

पुरुष वर्ग का फाइनल मैच उत्तर प्रदेश और मेजबान हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल क्लब रायपुर के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल क्लब रायपुर को 2-0 से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश की टीम ने अपने अनुभव, बेहतर समन्वय और आक्रामक खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 25-12 तथा दूसरा सेट 25-19 से जीत लिया। मेजबान टीम हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल क्लब रायपुर ने भी संघर्षपूर्ण खेल दिखाया, लेकिन उत्तर प्रदेश की मजबूत टीम के सामने टिक नहीं पाई और उसे उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस करेगी मंत्री टंकराम के निवास का घेराव

**रायपुर, 7 फरवरी।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने तिल्दा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा एवं ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू की उपस्थिति में आज नगर पालिका तिल्दा नेवरा के पार्षदों सोनू विजय मारकंडे राजेश कोटवानी पप्पू नामदेव किरण नानू छाबरिया वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामगिड़लानी मोती हिंदूजा देवादस टंडन नीरज राठी नवीन अग्रवाल एवं क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं आम नागरिकों की बैठक में घोषणा की कि 13 अप्रैल को विभिन्न लंबित जनसमस्याओं को लेकर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा के तिल्दा स्थित निवास बंगले का घेराव किया जाएगा।

चुनाव से पहले मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा तिल्दा में बाईपास सड़क बनाने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। जिससे शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त है।

तिल्दा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस नहीं होने के कारण ट्रैफिक अनियंत्रित है जिसके कारण गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी है और कईयों की आकाल मौत हो चुकी है और ऑनलाइन जुआ तथा सट्टा जोरों पर चल रहा है। जिससे तिल्दा के युवाओं का भविष्य गर्त में जाते जा रहे हैं ऑनलाइन सट्टा का मास्टरमाइंड बड़े खाईवाल भाजपा नेता को मंत्री टंक राम वर्मा का संरक्षण प्राप्त है इसी तरह भाजपा नेता के पुत्र द्वारा सामाजिक भवन की आड़ में अवैध कब्जा किया गया है अवैध कब्जा करने वाले भाजपा नेता को मंत्री का पूरा संरक्षण मिला हुआ है जिसके कारण तिल्दा में अवैध कब्जा जोरों पर है।

# बढ़ते अपराधों में कमी दिखाने थानों में एफआईआर नहीं लिखी जा रही : बैज

**रायपुर, 7 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था को संभाल तो पा नहीं रही है, अब अपनी गलती छुपाने सरकार थानों में एफआईआर दर्ज नहीं होने दे रही। बढ़ते अपराधों में कमी दिखाने थानों में एफआईआर नहीं लिखा जा रहा, इस कारण



पीड़ित को न्याय मिलने की संभावना खत्म हो गयी तथा अपराधियों के हौसले बुलंद हो गये है। अपराध घटित होने के बाद पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर अपराधों की संख्या में कमी होने के प्रयास में लगी है ताकि सरकार अपनी पीठ थपथपा पाये। आम आदमी, सरकार और पुलिस के इस रवैये से परेशान हो गया है। चोरी, जालसाजी, मारपीट तथा प्रताड़ना और साइबर ठगी जैसे मामलों में अब राज्य में एफआईआर कराना बहुत कठिन हो गया है।

### परीक्षा की समय सारणी व्यवस्थित नहीं बनवा पा रही सरकार

सीजीपीएससी परीक्षा को लेकर सरकार और आयोग गंभीर नहीं है। चुनाव के समय राज्य लोकसेवा आयोग की परीक्षा को संघ लोकसेवा आयोग की तर्ज पर कराने का दावा करने वाली भाजपा सरकार राज्य लोकसेवा आयोग की परीक्षा की समय सारणी व्यवस्थित नहीं बनवा पा रही है। परीक्षार्थियों को प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा में मात्र 51 दिन का ही अंतराल दिया गया है जबकि पिछले वर्ष यह 104 दिन का था। इस वर्ष राज्य सेवा परीक्षा के प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम 25 मार्च 2026 को जारी किया गया और मुख्य परीक्षा 16, 17, 18, 19 मई 2026 को आयोजित की जाने वाली है तो क्या वजह की अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए इतना कम समय मात्र 51 दिन का समय दिया गया है जबकि पिछले वर्ष के राज्य सेवा परीक्षा के प्रारम्भिक परीक्षा के परिणाम और मुख्य परीक्षा के बीच 104 दिन का गेप पीएससी परीक्षा दिलाने वाले अभ्यर्थियों को दिया गया था।

### पश्चिम एशिया संकट से व्यापार व एमएसएमई पर असर की आशंका

**रायपुर, 7 अप्रैल।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट पश्चिम एशिया में जारी संकट के भारत के व्यापार और उद्योग, विशेषकर छोटे व्यापारियों एवं एमएसएमई क्षेत्र पर संभावित प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की है तथा सरकार से समय रहते आवश्यक राहत एवं नीतिगत उपाय करने का आग्रह किया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कैट ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को आज भेजे एक पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्रिय एवं निर्णायक नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सतत निगरानी और समयबद्ध हस्तक्षेप के कारण वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत और स्थिर बनी हुई है।

**ग्रेस एंड ग्लो' कार्यक्रम** | **महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता और ब्यूटी ग्रूमिंग का मंत्र**

# प्रतिभागियों को सेल्फ मेकअप की बारीकियां समझाई






**रायपुर, 7 अप्रैल।** जेसीआई रायपुर वामांजली द्वारा ग्रेस एंड ग्लो नामक विशेष ब्यूटी एवं सेल्फ ग्रूमिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सौंदर्य व स्किन केयर के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध ब्यूटी एक्सपर्ट अनुश्री टुटेजा ने प्रतिभागियों को सेल्फ मेकअप की बारीकियां सरल और प्रभावी तरीके से समझाई। उन्होंने विभिन्न मेकअप तकनीकों और प्रोडक्ट्स की जानकारी साझा करते हुए बताया कि कम बजट में भी आकर्षक और बेहतर लुक हासिल किया जा सकता है।

वहीं, ब्यूटी एक्सपर्ट श्रीमती मीनाक्षी टुटेजा ने समर सीजन में स्किन केयर से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स दिए, जिससे प्रतिभागियों को त्वचा की सही देखभाल के लिए उपयोगी मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम में प्रोग्राम डायरेक्टर जेसी प्रीति शर्मा और जेसी दिशा रत्नानी, कोऑर्डिनेटर जेसी ईशानी तोतलानी, चैप्टर कोऑर्डिनेटर डॉ. अनन्या मिश्रा, चैप्टर इंचार्ज डॉ. संगीता अनल, सेक्रेटरी जेसी सरिता पटेल सहित करीब 350 लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन जेसी प्रियंका गुप्ता के अध्यक्षीय कार्यकाल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए नई सीख, आत्मविश्वास और सौंदर्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में बेहद सफल साबित हुआ।

# भाठा देवरी में देवी जस झांकी स्पर्धा



**रायपुर, 7 अप्रैल।** ग्राम भाठादेवरी में आयोजित दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय देवी जस झांकी गायन प्रतियोगिता में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने माँ देवी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मंडलियों द्वारा देवी जस झांकी एवं भक्ति गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण हो उठा। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं एवं युवा इस आयोजन में शामिल होकर भक्ति और सांस्कृतिक रंग में सराबोर नजर आए। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी आस्था, परंपरा और संस्कृति की जीवंत पहचान हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26